डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, मंगलवार, 17 नवम्बर 2026*
वर्ष-14, अंक-141 पृष्ठ -8 व मूल्यः रु. 1.00
व वितरण व्यय : रु. 1.00

वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित



4 कैंसर उपचार को किफायती और सुलभ बनाने की पहल

www.betsamachar.com

मीरा एंड्रीवा ने जीता खिताब 5



जनगणना का दूसरा चरण शुरू

आंकड़ों की आवाज

- 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना, एक दिसंबर से गणनाकर्मी घर-घर पहुंचेंगे

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनगणना-2027 के दूसरे चरण का सोमवार को शुभारंभ किया। कहा कि जनगणना 2027 उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जनगणना से प्राप्त सटीक और प्रामाणिक आंकड़ों के आधार पर सरकार भविष्य की योजनाओं की ठोस कार्ययोजना तैयार कर सकेगी। इससे प्रशासन को योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश की अधिकांश विकास योजनाएं 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित रही हैं। ऐसे में नई जनगणना के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में जनगणना 2027 के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने कहा कि जिसके पास सही आंकड़े होंगे, वह उतनी ही प्रभावी ढंग से अपनी योजनाएं बना और लागू कर सकेगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। भारत का हर छठा व्यक्ति यूपी में रहता है, जबकि दुनिया का हर 36वां व्यक्ति प्रदेश में निवास करता है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

सीएम योगी ने किया शुभारंभ, बोले- कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से नहीं रहेगा वंचित



आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे जानकारी

सीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। (शेष पृष्ठ 6 पर)

जिलाधिकारी स्वयं करेंगे अभियान का नेतृत्व

इस महाअभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक समन्वय, जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और आमजन की जागरूकता जरूरी है। जिलाधिकारी स्वयं अभियान का नेतृत्व करेंगे और प्रतिदिन इसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे। प्रदेश के 18 मंडल, 75 जिले, 350 तहसील, 825 विकासखंड, 57,694 ग्राम पंचायतें और 1,04,004 राजस्व गांव इस अभियान से जुड़ेंगे। सहायता के लिए हेल्पलाइन 1855 भी जारी की गई है।

किरायेदारों, प्रवासी श्रमिकों और दूरस्थ बस्तियों तक पहुंचने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही जानकारी जुटाना जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को जनगणना से छूटना नहीं चाहिए। विशेष रूप से दूरस्थ बस्तियों, किरायेदारों, प्रवासी श्रमिकों, अकेले रहने वाले व्यक्तियों, बुजुर्गों, घुमंतू जातियों और वंचित वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। जनगणना केवल सरकारी ड्यूटी नहीं, बल्कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण का राष्ट्रीय अभियान है। आंकड़ों की गोपनीयता और जनगणना के महत्व के बारे में लोगों को समझाया जाए। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्वगणना में अपने माता-पिता, बुजुर्गों और पड़ोसियों की ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराने में मदद करें तथा स्वगणना पूरी होने के बाद प्राप्त आईडी सुरक्षित रखें।

कांग्रेस चुनाव आयोग से पूछेगी सवाल

एसआईआर संकट

- शीर्ष अदालत में हलफनामा देकर मांगी इजाजत

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने चुनाव आयोग से 48 सवालों के जवाब हलफनामे के जरिए देने की मांग की है। यह याचिका एसआईआर के दौरान चुनाव आयोग के कामकाज से जुड़ी है। याचिका में राहुल गांधी और गठबंधन के नेताओं ने आयोग से पूछा है कि पूरे देश में एसआईआर पर लागू करने का फैसला किसका था? इतना ही नहीं एसआईआर शुरू करने के आयोग के फैसले की फाइल और तारीख क्या है? इस याचिका में यह भी पूछा गया है कि फॉर्म 6 को बदलने का फैसला किसने लिया था? राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य नेताओं ने एसआईआर पर को लेकर निर्वाचन आयोग को प्रश्नावली भेजने की अनुमति मांगी है। दरअसल, वे जानना चाहते हैं कि सीईसी और दोनों चुनाव आयुक्तों ने 26 अक्टूबर के जवाबी हलफनामे को कब और कैसे मंजूरी दी? क्या उन आयुक्तों ने किसी बैठक में या फाइल (शेष पृष्ठ 6 पर)



सुप्रीम कोर्ट को सौंपी 48 सवालों की लिस्ट, कहा- सीईसी और दोनों आयुक्त अलग-अलग जवाब दें

सोशल मीडिया पर साझा किए सवाल

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने ये भी पूछा है कि क्या 24 जून 2025 के बाद से किसी वेंडर या ठेकेदार के कर्मचारी को मतदाता सूची (इलेक्टोरल रोल) डेटाबेस में बदलाव करने की अनुमति दी गई थी? अपने सवालों की लिस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए कांग्रेस ने एक पोस्ट में लिखा है, "वोट चोरी पर लगातार उठ रहे सवालों का चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कोई जवाब नहीं दिया है। ऐसे में अब इंडिया गठबंधन ने (शेष पृष्ठ 6 पर)

शपथ-पत्र के जरिए जवाब मांगा

दरअसल, अपनी पहले से लंबित याचिका में दायर इस नई अर्जी में ही उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ सवाल पूछने की अनुमति मांगी है। राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने उप चुनाव आयुक्त से शपथ-पत्र के जरिए जवाब मांगा है। उप चुनाव आयुक्त ने ही चुनाव आयोग की ओर से अपना पक्ष (जवाब) दाखिल किया था। अब उनसे एसआईआर को मंजूरी देने, मतदाताओं के नाम (शेष पृष्ठ 6 पर)

सीआरपीएफ पर हमले में शामिल दो आतंकी किए ढेर

कामयाबी

- मुठभेड़ में मारा गया एक लश्कर कमांडर

श्रीनगर/ जीएनएस न्यूज

सीआरपीएफ पोस्ट पर तैनात जवानों पर 5 दिन पहले 30 राउंड फायर करने वाले दोनों आतंकियों को सेना ने कुलगाम जिले के लारू मार गिराया। इस हमले में 3 जवान घायल हो गए थे। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर बताया कि मरने वाला आतंकी लश्कर-ए-तैयबा का घाटी में एकमात्र बचा कमांडर लतीफ भट और उसका साथी उमर है। सुरक्षा एजेंसियों ने उमर की लाश बरामद कर ली है, लेकिन लतीफ की बॉडी नहीं मिली है।

हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में लतीफ के घायल होने और छिपे होने की खबर है। सर्च ऑपरेशन जारी है। मारा गया आतंकी लतीफ भट इस साल कुलगाम और अनंतनाग में हुए सिलसिलेवार हमलों में शामिल था। इनमें अनंतनाग के लाल चौक में पुलिसकर्मियों की हत्या और कुलगाम में दो प्रवासी मजदूरों की हत्या शामिल है। सेना के एक अधिकारी के मुताबिक, आतंकियों की जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने इलाके में घेराबंदी की थी। तलाशी के दौरान संदिग्ध ठिकाने के पास पहुंचते ही छिपे आतंकियों (शेष पृष्ठ 6 पर)

सोनिया गांधी की किताब का लोकार्पण

अवसर पर उद्गार

- कहा-राजीव नहीं रहे तो टूट गई थी, राहुल-प्रियंका मेरे माता-पिता बन गए थे

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव सोमवार को दिल्ली में लॉन्च की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में सोनिया के जीवन पर शॉर्ट फिल्म दिखाई गई, तो वह भावुक हो गईं। इस दौरान उन्होंने कहा- राजीव गांधी नहीं रहे तो मैं टूट गई थी। राहुल-प्रियंका ने संभाला, वही मेरे माता-पिता बन गए थे। उन्होंने साफ कहा कि वह अपनी सास इंदिरा गांधी से डरती थीं। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के नामकरण को लेकर सास इंदिरा गांधी से मतभेदों की बात भी स्वीकार किया। सोनिया गांधी ने कहा इंदिरा जी को मां कहने में समय लगा। राहुल का नाम रखा जाना था, लेकिन मुझे (शेष पृष्ठ 6 पर)



इंदिरा से लगता था डर, राहुल के नामकरण पर मतभेद की स्वीकारोक्ति

सोनिया बोलीं- मैं बहुत हिचकिचाती रही हूं

सोनिया गांधी ने कहा, 'मैं हमेशा से अपने अंदर की भावनाओं और चीजों, लोगों और जगहों के बारे में जो महसूस करती हूं, उसे जाहिर करने में बहुत हिचकिचाती रही हूं। इसलिए, मैंने इसे एक तरह से नजरअंदाज कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर)

मुश्किल समय में परिवार का साथ सबसे जरूरी

सोनिया ने ब्रेस्ट कैंसर होने और इसकी रिकवरी को लेकर कहा कि महिलाओं को मजबूत होना चाहिए। ऐसे समय परिवार का साथ और उनकी अंडरस्टैंडिंग सबसे जरूरी होती है। मुझे बहुत सी ऐसी बातें याद थीं, जिनके बारे में मैंने सालों से नहीं सोचा था। लेकिन फिर, जाहिर है, ऐसे पल भी थे, जैसे कि जब मेरी सास की हत्या हुई और फिर जब (शेष पृष्ठ 6 पर)

अमिताभ के साथ अभिषेक को भी मिली जान से मारने की धमकी

दुस्साहस

- गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने कहा-बुलेटप्रूफ कांच में भी छिप जाओ, दोनों को मारेंगे

मुंबई/ जीएनएस न्यूज



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। खुद को गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों बताने वाले एक शख्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट कर बच्चन पिता-पुत्र को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। इस धमकी ने फिल्म इंडस्ट्री और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। गोल्डी ढिल्लों ने अपनी फेसबुक पोस्ट में दावा किया है कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुंबई से उसके दो साथियों- विकास ठाकुर और दीपक सिंह को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसने सिख समुदाय के खिलाफ बोलने वालों को भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। अमिताभ और अभिषेक बच्चन का नाम लेते हुए ढिल्लों ने बेहद खौफनाक धमकी दी है। उसने अपनी पोस्ट में लिखा है कि अमिताभ और अभिषेक चाहे बुलेटप्रूफ कांच या घेरे के पीछे छिप जाएं, वह उन्हें बुलेटप्रूफ सुरक्षा के बावजूद गोली मारकर खत्म कर देगा।

संक्षेप

डॉ. जितेंद्र सिंह ने इटली में आईसीजीईबी का दौरा किया

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने इटली के ट्रिएस्टे स्थित अंतरराष्ट्रीय जेनेटिक इंजीनियरिंग एवं जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीजीईबी) का दौरा किया और वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान, नवाचार तथा वैज्ञानिक सहयोग में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि डॉ. सिंह ने आईसीजीईबी दौरे में दौरान केंद्र की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं का जायजा लिया और वहां कार्यरत भारतीय वैज्ञानिकों, शोधार्थियों तथा केंद्र के नेतृत्व के साथ बातचीत की।

आसियान-भारत सम्मेलन में हिस्सा लेने मनीला पहुंचे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंच गये। मनीला पहुंचने पर फिलीपींस के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव रॉबर्ट जोसेफ 'जे' मोंटेस डी क्लारो ने उनका मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मनीला में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास आईएमएनईएक्स संपन्न

विशाखापत्तनम। भारत और म्यांमार की नौसेनाओं के बीच संयुक्त नौसैनिक अभ्यास आईएमएनईएक्स-26 का 8वां संस्करण विशाखापत्तनम में बंदरगाह और समुद्री चरणों के सफल आयोजन के साथ संपन्न हो गया। नौसेना ने सोमवार को बताया कि समुद्री चरण के दौरान भारतीय नौसेना के युद्धपोत आई एन एस राणा और आई एन एस सुमेधा ने म्यांमार नौसेना के युद्धपोत यू एम एस किंग सिन फ्यू शिन के साथ बंगाल की खाड़ी में संयुक्त गतिविधियों और संचालन से जुड़े अभ्यास किए।

एसआईआर से भाजपा के बूथ मैनेजमेंट पर उठे कई सवाल

चुनावी चक्कलस

- योगी के 1.27 करोड़ हिंदू वोटर्स के गायब होने के दावे से हलचल

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भाजपा की चुनावी रणनीति के केंद्र में आ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एसआईआर के बाद मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब होने का दावा किए जाने के बाद पार्टी के भीतर बूथ प्रबंधन को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने सवाल किया है कि जब प्रदेश में पार्टी के 1 लाख 61 हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) सक्रिय थे, तब इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से कैसे कट गए।

दरअसल एसआईआर के दौरान भाजपा ने प्रदेश में 1 लाख 61 हजार से अधिक बीएलए तैनात किए थे। समाजवादी पार्टी के बीएलए की संख्या करीब 1 लाख 57 हजार और बसपा के बीएलए की संख्या करीब 1 लाख 54 हजार थी। इसके बावजूद मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम नहीं होने के दावे ने पार्टी के बूथ स्तर के प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा के कुछ नेताओं ने इस स्थिति (शेष पृष्ठ 6 पर)

ईडी की रिमांड अर्जी खारिज

अकीद की उम्मीद

- आजम खां को कोर्ट ने 10 दिन के लिए भेजा जेल

गाजियाबाद/ जीएनएसन न्यूज



सपा नेता आजम खां को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 26 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने चार दिन की ईडी रिमांड पूरी होने के बाद यह आदेश दिया। ईडी ने रिमांड खत्म होने से करीब पांच घंटे पहले आजम खां का मेडिकल कराया और उन्हें सीधे अदालत लेकर पहुंची। वहीं, दूसरी ओर इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है। आजम की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और ईडी की ओर से जोहेब हुसैन पक्ष रख रहे हैं।

ईडी ने जौहर ट्रस्ट से जुड़े मामले में आजम खां से चार दिन तक पूछताछ की। इस दौरान अधिकारियों ने उनसे करीब 200 सवाल किए। एजेंसी के मुताबिक, आजम खां ने कई सवालों के सीधे जवाब नहीं दिए। वह ईडी के आरोपों को लगातार खारिज करते रहे और ट्रस्ट की ओर से लिए गए (शेष पृष्ठ 6 पर)

यूपी चुनाव से पहले कांग्रेस ने उठाया राम मंदिर चंदा चोरी मुद्दा

मुद्दे की बात

- सुप्रीम कोर्ट का जिक्र कर कहा-एसआईटी गठित की जाए

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर अपना हमला और तेज कर दिया है। पार्टी ने इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक नई और स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है, जो सीधे और केवल सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट करे। इसके साथ ही कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "चुप्पी" को देश के लिए बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा कि लोगों की आस्था के साथ धोखा करने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर हिंदी में एक पोस्ट साझा करते हुए कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने लिखा, "चंदा चोरी, आस्था से धोखा। जैसा कि कहा जाता है, चोरी कभी छिपती नहीं; देर-सवेर उसका पदार्फाश होना ही है।" उन्होंने दावा किया कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी को लेकर रोज हो रहे नए खुलासे भाजपा, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद (श्लढ) से जुड़े लोगों को बचाने की केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की कोशिशों की पोल खोल रहे हैं। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि यह मामला अब सिर्फ चोरी (शेष पृष्ठ 6 पर)

यूपी में दलित वोट बैंक पर कब्जे की होड़ में सभी दल

बिस चुनाव-2027

- दमदार दलित बनाएंगे किसकी सरकार, साधने में जुटे सभी महारथी

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों के करीब आने के साथ ही राज्य की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र 21.1% दलित वोट बैंक बन गया है। चुनावी रणनीतिकारों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कभी एकमुश्त होकर बहुजन समाज पार्टी का आधार माना जाने वाला यह वर्ग अब बहुकोणीय मुकाबले का सबसे बड़ा 'मैग्नेट' बन चुका है। सत्ता तक पहुंचने के लिए समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बीएसपी और चंद्रशेखर आजाद-ओवैसी का नया गठबंधन अपने-अपने स्तर पर नई बिसात बिछा रहे हैं।

सपा के 'पीडीए' और बीजेपी की 'समरसता यात्रा' से लेकर मायावती की वापसी की कोशिशों और चंद्रशेखर-ओवैसी के 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' तक सभी इस वोट बैंक को साधने में जुट गया है। सीधे शब्दों में कहें तो यूपी की सियासत में दलित राजनीति का नया दौर शुरू हो चुका है। सीडीएस के मुताबिक, पिछले एक दशक में जाटव और गैर-जाटव मतदाताओं की पसंद में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। 2014 के चुनाव में बीएसपी को 68% और बीजेपी को 18% जाटव वोट मिले थे। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी का हिस्सा गिरकर 44% रह गया, जबकि इंडिया गठबंधन को 25% और बीजेपी को 24% जाटव वोट हासिल हुए।

लोकसभा चुनाव 2014 (45%) और 2019 (48%) के चुनावों में मजबूती से बीजेपी के साथ खड़ा रहने वाला गैर-जाटव मतदाता 2024 में बड़े पैमाने पर छिटक गया। 2024 में 56% गैर-जाटव वोट इंडिया गठबंधन की ओर शिफ्ट हो गए, जबकि बीजेपी को 29% और बीएसपी को 15% वोटों से संतोष करना पड़ा। 2027 के विधानसभा चुनाव की तस्वीर काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सपा-कांग्रेस गठबंधन 2024 के अपने दलित वोट शेयर को बरकरार रख पाता है, या फिर बीजेपी अपनी 'समरसता' नीति से गैर-जाटव वोटों को वापस लाने में सफल होती है।



यूपी का दलित वोट बैंक और चुनावी आंकड़े

उत्तर प्रदेश में कुल 21.1% दलित आबादी है, जिसका उप-जातीय विभाजन चुनावी नतीजों को सीधे प्रभावित करता है। उपजातियों का विभाजन इस प्रकार है- जाटवः 11.7% (सबसे बड़ा और निर्णायक वर्ग), पासीः 3.3%, कोरी-वाल्मीकिः 3.15%, धानुक-गोंड-खटीकः 1.0%, अन्य उपजातियांः 1.57%

भाजपा की किला बचाने की जद्दोजहद

इस चुनाव में मायावती के भतीजे आकाश आनंद पूरे आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दशकों तक दलित राजनीति की धुरी रही बीएसपी अपने कोर जाटव वोट बैंक को एकजुट रखने और युवा मतदाताओं को वापस जोड़ने में जुटी है। आकाश आनंद ने अखिलेश यादव को 'कंफ्यूज नेता' और सपा को बीजेपी की 'बी टीम' करार देते हुए सीधा हमला बोला है। मायावती की पार्टी 22 नवंबर को आगरा के एतमादपुर में विशाल रैली कर अपनी जमीनी ताकत का प्रदर्शन करने की तैयारी में है।

एनडीए के घटक दलों के अलग-अलग एजेंडे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ लाख सरकारी नौकरियों और कानून-व्यवस्था पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को आगे रख रहे हैं। वहीं, सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर सपा के 'पीडीए' पर हमलावर हैं, जबकि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी पश्चिमी यूपी में जाट, गुर्जर, दलित और मुस्लिम के नए सामाजिक समीकरण पर काम कर रहे हैं। दरअसल राष्ट्रीय लोकदल 2027 से पहले नई सोशल इंजीनियरिंग पर काम कर रहा है। जयंत चौधरी की पार्टी अब केवल जाट राजनीति तक सीमित न रहकर जाट, गुर्जर, दलित और मुस्लिम का नया समीकरण साधने में जुटी है। इसके लिए पश्चिमी यूपी के गांव-गांव में 10-10 सदस्यों की विशेष टीमें बनाई जा रही हैं।

फॉर्म 6 भरा तो नहीं होगा होगा केस

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

मतदाता सूची से नाम कटने को लेकर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दिया है। आयोग ने कहा कि जिन लोगों के नाम पहले मतदाता सूची में थे लेकिन ई-ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं हैं, वे बिना किसी कानूनी कार्रवाई के डर के आवेदन कर सकते हैं। उन पर केस दर्ज नहीं होगा। हलफनामे में बताया कि सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्थानीय भाषाओं सहित विभिन्न माध्यमों से इस बात का व्यापक प्रचार करें, ताकि मतदाताओं के मन से किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई का डर निकल सके। दरअसल, चुनाव आयोग के संज्ञान में यह बात आई थी कि कुछ लोगों को यह डर था कि अगर वे मतदाता के रूप में पहले से पंजीकृत थे,लेकिन ड्राफ्ट मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है, तो फॉर्म-6 भरने पर उन पर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' की धारा 31 के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है, अब ऐसा कुछ नहीं होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे कोई भी पात्र नागरिक अंतिम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे, साथ ही किसी का नाम दो बार दर्ज न हो पाए। आयोग पात्र मतदाता का नाम जोड़ने और सूची की त्रुटियों को सुधारने के लिए पूरी तरह सतर्क है।



फैसला

- चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया जवाब

आस्था और श्रद्धा के साथ मना छठ महापर्व, उदयगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

विधायक , भाजपा जिलाध्यक्ष और प्रधान प्रतिनिधि ने व्रतियों के साथ की सूर्य उपासना

✡ भव्य सजावट के साथ व्रती महिलाओं के लिए की गई विशेष व्यवस्था

भारत एकता टाइम्स/चकिया,चंदौली



लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सिकंदरपुर गांव में छठ पर्व के पावन अवसर पर व्रती महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान सूर्य की उपासना की। भोर से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर उदयगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु तथा खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह और प्रधान प्रतिनिधि सत्यप्रकाश गुप्ता ने घाट पर पहुंचकर व्रती महिलाओं के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। सभी ने छठी मइया से क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, लोक आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम प्रतीक है। यह पर्व हमें अनुशासन, पवित्रता, त्याग और समर्पण का संदेश देता है। सूर्यदेव की उपासना के माध्यम से लोककल्याण और परिवार की मंगलकामना की जाती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। गांव की सुख समृद्धि के लिए ग्राम प्रधान सीमा गुप्ता ने रखा महापर्व पर व्रत। छठ महापर्व को लेकर युवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता की ओर से व्रती महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। घाट की भव्य सजावट कर आकर्षक रूप दिया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गईं, जिससे व्रती महिलाओं को पूजन और अर्घ्य देने में सहूलियत मिली। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन में ग्रामीणों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं क्षेत्र के बरौझी, बीकापुर, पर्वतपुर और साराडीह सहित विभिन्न गांवों में भी छठ महापर्व की धूम रही। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत रखकर अस्ताचलगामी और उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। घाटों पर छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का एडीजी और एसपी ने लिया जायजा

✡ दामोदरदास और मानसरोवर पोखरा घाट का किया निरीक्षण

भारत एकता टाइम्स/चंदौली



छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन नवीन अरोरा और पुलिस अधीक्षक चंदौली आकाश पटेल ने मुगलसराय क्षेत्र के दामोदरदास पोखरा घाट तथा अलीनगर क्षेत्र के मानसरोवर पोखरा घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा घेरा और कच्चे घाटों पर फिसलन रोकने के इंतजामों की जानकारी ली। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ, पीएसी की फ्लड कंपनी, प्रशिक्षित गोताखोर और नावों की तैनाती की गई है। प्रमुख घाटों पर चिकित्सा शिविर, खोया-पाया केंद्र और अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। महिलाओं की सुरक्षा और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सादे वर्दी में पुलिसकर्मियों के साथ एंटी रोमियो स्क्वाड और मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया। वहीं, पॉकेटमारी, चेन और मोबाइल छिनैती जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

छठी मइया के जयकारों से गूंजा चकिया

✡ युगांधर सेवा समिति के सांस्कृतिक कार्यक्रम में छठ गीतों पर झूमे लोग

भारत एकता टाइम्स/चकिया,चंदौली

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर रविवार को नगर स्थित ऐतिहासिक मां काली पोखरा आस्था के सागर में डूबा नजर आया। हजारों व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा घाट भक्तिमय हो उठा। छठी मइया के जयकारों, पारंपरिक लोकगीतों और घंटियों की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक रंग में सराबोर रहा। व्रती महिलाओं ने घंटों पानी में खड़े रहकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु एवं खुशहाली की कामना की। छठ महापर्व को लेकर नगर में शनिवार की रात से ही रौनक बढ़ गई थी। रातभर नगर की गलियां और बाजार चहल-पहल से गुलजार रहे। भोर में करीब दो बजे से ही व्रती महिलाओं का सपरिवार घाट पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सिर पर पूजन सामग्री से सजे दउरा और हाथों में सूप लिए महिलाएं छठी मइया के पारंपरिक गीत गाते हुए पोखरे की ओर बढ़ती रहीं। देखते ही देखते घाट पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। चारों तरफ दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों ने अद्भुत छटा बिखेरी। शाम को जैसे-जैसे सूर्यास्त का समय नजदीक आया, घाट पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठी मइया के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए नगर पंचायत चकिया के प्रशासनिक सहायता शिविर के साथ युगांधर सेवा समिति और जय मां काली सेवा समिति के कार्यकर्ता मुस्तैदी से जुटे रहे। तीनों शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। महापर्व के अवसर पर युगांधर सेवा समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी : पं. सुखेन

✡ हेतिमपुर में रामकथा की छठी निशा, विधायक कैलाश आचार्य व अन्य ने किया दीप प्रज्ज्वलन

भारत एकता टाइम्स/चकिया,चंदौली



शिकारगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा जागेश्वरनाथ धाम हेतिमपुर में चल रही नवदिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की छठी निशा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान पूरा कथा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कथा व्यास पंडित सुखेन त्रिपाठी जी महाराज ने कहा कि संघर्ष और सहनशीलता ही मानव जीवन की असली पहचान है। धन, संपत्ति और पद जीवन में आते-जाते रहते हैं, लेकिन उत्तम चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। बाहरी पहनावे से व्यक्तित्व का निर्माण नहीं होता, बल्कि व्यक्ति के आचरण और नैतिक मूल्यों से उसकी वास्तविक पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि जीवन में जब निराशा और कठिनाइयों का अंधकार छा जाता है, तब मजबूत चरित्र ही मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है। सेवा, दया, परोपकार, उदारता और ईमानदारी जैसे गुण व्यक्ति को समाज में सम्मान दिलाते हैं। माता जानकी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नारी संघर्ष और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति है। माता सीता ने वनवास, अशोक वाटिका के कष्ट और जीवन की विपरीत परिस्थितियों में अद्भुत धैर्य एवं साहस का परिचय दिया। उनका जीवन त्याग, मयार्दा और सहनशीलता की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बाबा जागेश्वरनाथ धाम के महंत एवं प्रबंधक अनूप गिरी जी महाराज, समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह, विधायक कैलाश आचार्य, सपा की राष्ट्रीय सचिव गीता यादव, विजयानंद द्विवेदी, डॉ. गीता शुक्ला, इंद्रजीत यादव, बबलू यादव, गोविंद विश्वकर्मा, रामनिवास पांडेय, जनार्दन सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सांसद छोटेलाल खरवार ने स्ट्रीट लाइट का किया लोकार्पण, दूसरे छठ घाट के निर्माण की घोषणा

✡ सांसद निधि से पहले हो चुका है एक घाट का निर्माण

भारत एकता टाइम्स/शहाबगंज,चंदौली



क्षेत्र के ठेकहा गांव में ग्रामीणों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था की सौगात मिली। सांसद छोटेलाल खरवार ने स्ट्रीट लाइट का फीता काटकर लोकार्पण किया। इससे छठ घाट सहित आसपास के इलाके में रोशनी की बेहतर व्यवस्था हो गई है। पर्व के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को इससे काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। गांव में पहले सांसद निधि से एक छठ घाट का निर्माण कराया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और घाट पर उपलब्ध स्थान कम पड़ने के कारण एक अन्य छठ घाट की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों की इस जरूरत को देखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत ठेकहा में दूसरे छठ घाट के निर्माण की घोषणा की। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, दूसरे छठ घाट के निर्माण की घोषणा से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने प्रकाश व्यवस्था की सौगात देने और छठ घाट निर्माण की घोषणा करने पर सांसद के प्रति आभार जताया। इस दौरान पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान प्रशासक सजाउद्दीन, सुधाकर कुशवाहा, मुश्ताक अहमद, कादिर अहमद, बुद्धन खां, लड्डू खां, शमीम अहमद, सेराज अहमद, मुर्तजा अली, सुरेंद्र यादव, रिंकू यादव, ओमप्रकाश यादव, चंद्रमा, रामनरेश गुप्ता, डॉ. सफीक सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ महापर्व संपन्न

भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र



लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ सोमवार को उगते सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। म्योरपुर कस्बे के बजरंग सरोवर में जय बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित छठ पूजा में बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

चार दिवसीय महापर्व के अंतिम दिन सोमवार की भोर से ही व्रती महिलाएं बजरंग सरोवर स्थित छठ घाट पर पहुंचने लगीं। सुबह करीब पांच बजे व्रती महिलाओं ने सरोवर में खड़े होकर उगते सूर्य की प्रतीक्षा किया। भगवान भास्कर के दर्शन होते ही श्रद्धालुओं ने दूध एवं पवित्र जल से अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान छठ घाट पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। छठी मैया के पारंपरिक गीतों एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इससे पूर्व रविवार की रात जय बजरंग सेवा समिति की ओर से भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जो देर रात तक आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, दुद्धी के पूर्व विधायक हरिराम चेरो, पूर्व विधायक रामदुलार गोंड़ तथा म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड़ अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने भी संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष गणेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष अंकित जायसवाल, प्रवीण अग्रहरि, सुजीत कुमार, पंकज सिंह, अमित रावत, शनि अग्रहरि, ओम अग्रहरि, अमित जायसवाल, अश्वनी गुप्ता, मोनू जायसवाल, अंकित अग्रहरि सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संतुलित उर्वरक प्रयोग के लिए किसानों को किया जा रहा जागरूक

भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र

जिले में रबी फसलों की बुवाई एवं कृषि कार्यों को देखते हुए कृषि विभाग ने उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार जनपद की सभी तहसीलों में स्थित निजी एवं सहकारी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर यूरिया, डीएपी और एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसान अपनी खतौनी, फार्मर आईडी एवं पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से निर्धारित दर पर खाद प्राप्त कर सकते हैं। किसानों द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाने, कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली एवं तस्करी रोकने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में धरती माता बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम, तहसील एवं जनपद स्तरीय उर्वरक निगरानी समितियों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग किसानों को खेत की मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार यूरिया, डीएपी एवं एनपीके का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दे रहा है। साथ ही नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक एवं जैविक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, राबर्ट्सगंज तहसील के निजी क्षेत्र की 226 दुकानों पर 5036 मीट्रिक टन यूरिया, 174 दुकानों पर 1281 मीट्रिक टन डीएपी तथा 127 दुकानों पर 624 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र की 21 दुकानों पर 393 मीट्रिक टन यूरिया, 21 दुकानों पर 184 मीट्रिक टन डीएपी तथा चार दुकानों पर 21 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।

वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान को भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने किया नमन

भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर वीरांगना ऊदा देवी पासी के अदम्य साहस, वीरता एवं देश के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने की, जबकि नेतृत्व काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अजीत रावत ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका संघर्ष, त्याग और देशभक्ति आज भी समाज एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी के ऐतिहासिक योगदान और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा उनके संघर्ष और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महामंत्री अशोक मौर्य, जिला मंत्री अनिल सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी अमन मौर्य, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मीनू चेबे, जिला मंत्री मनोज पासवान, प्रकाश कनौजिया, रुपेश कुमार सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदाता सूची का मिलान पूरी पारदर्शिता और शुद्धता के साथ करें अधिकारी: डीएम

भारत एकता टाइम्स/सोनभद्र



मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने मतदाता सूची के मिलान की प्रक्रिया पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन होनी चाहिए। इसमें किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए और सूची में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा में मिलान की कार्रवाई पूरी करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के मिलान के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए तथा प्रत्येक स्तर पर कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोपरि है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, उप जिलाधिकारी सदर आशीष त्रिपाठी, घोरावल के विशाल सिंह, ओबरा के रवि पासवान, दुद्धी के अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जनगणना-2027 में सक्रिय भागीदारी निभाएं

चंदौली। जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जनपदवासियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है। इसके तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिकों को अपने परिवार की स्व-गणना करने का अवसर दिया गया है। इसके लिए भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अपील में कहा गया है कि सभी नागरिक निर्धारित समयावधि में अपने परिवार की स्व-गणना अवश्य पूर्ण करें। प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्राप्त होने वाली रए कऊको सुरक्षित रखना अनिवार्य है। प्रगणक के घर पहुंचने पर उन्हें यह आईडी उपलब्ध करानी होगी, जिससे स्व-गणना से संबंधित विवरण का सत्यापन किया जा सके। जनगणना के अगले चरण में एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रगणकों को सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं और राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में सहयोग करें। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए सटीक आंकड़े देश और प्रदेश की भावी विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के बेहतर वितरण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता बेहद आवश्यक है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया पारण

शहाबगंज (चंदौली)। लोक आस्था, समर्पण और अटूट विश्वास के महापर्व डाला छठ के अंतिम दिन सोमवार की भोर में सूर्यदेव के दर्शन होते ही क्षेत्र के छठ घाट छठी मइया के जयकारों से गूंज उठे। 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखकर कठिन तपस्या करने वाली व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का श्रद्धा और उल्लास के बीच समापन हो गया। क्षेत्र के अमांव, भूसी, भोड़सर, शहाबगंज, ठेकहां, करनौल, मुरकौल, जिगना, इलिया, कलानी और एकौना सहित विभिन्न गांवों में भोर से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। व्रती महिलाओं ने फल, फूल, ठेकुआ और पूजन सामग्री से सजे सूप के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद छठी मइया को प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया। घर पहुंचने के बाद विधि-विधान से पारण कर 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत का समापन किया। इस पावन अवसर पर युगांधर सेवा समिति अमांव की टीम ने सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की। समिति के सदस्य व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी तत्परता से जुटे रहे। महिलाओं को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने, प्रसाद वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान अरविंद सिंह चौहान, अभिषेक वर्मा, मिथिलेश कुमार, अनुराग शर्मा, श्याम सुंदर, गौरव जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, सरवर अहमद, नसीम अहमद, आंचल जायसवाल, मुन्ना चौहान, राजन चौहान, अनिल सिंह, विनय शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

चोरी के टीवी और इन्वर्टर के साथ एक गिरफ्तार

चंदौली। सैयदराजा थाना क्षेत्र के फेसुड़ा गांव में घर का ताला तोड़कर टीवी और इन्वर्टर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का 42 इंच का टीवी और इन्वर्टर बरामद किया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दिघवट स्थित आरोपित मनोज राजभर (35) के घर से उसे गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ सैयदराजा थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बालवीर सिंह यादव, कांस्टेबल शंकर राम और बृजेश चौहान शामिल रहे।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की समीक्षा आज

सोनभद्र। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2027 को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। अपराह्न 3:30 बजे होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता आयुक्त विन्ध्याचल मंडल मीरजापुर एवं रोल प्रेक्षक करेंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अर्हता तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारियों एवं पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शामिल होंगे।सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा संबंधित अधिकारियों से निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

सर्विस मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 17 नवंबर को

सोनभद्र। सर्विस मतदाताओं की निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भाग का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को होगा, जबकि अंतिम निर्वाचक नामावली चार जनवरी 2027 को प्रकाशित की जाएगी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पुनरीक्षण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

अदालती सूचना

इश्तेहार मजारिया अदालत सिविल जज (सी०डी०) वाराणसी, मुकाम वाराणसी

दरखास्त मुसम्मा सोनी मौर्या पत्नी स्व० सत्येन्द्र कुमार मौर्य, वर्तमान निवास - डी० 64/149-A-1-A विद्यापीठ रोड साजन सिनेमा के पीछे सिगरा, वाराणसी-221002

बनाम

(1) आरती मौर्य (माता)। (2) सुरेन्द्र कुमार मौर्य (पिता), निवासी - बी-302 साईं होम अपार्टमेन्ट राम मन्दिर रोड, नियर वीवा ओल्ड कालेज - एम०बी० स्टेट बसई विरार म्यूसिपल कारेपोरेशन विरार काटनघर महाराष्ट्र-401303, स्थायी पता - ग्राम शेरवानीपुर, तहसील पिण्ड्रा, जिला वाराणसी, पिन कोड - 221201

...विपक्षीगण

वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट जर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा व० सत्येन्द्र कुमार मौर्य मुतफरका सक्सेशन 485/26 अपने वमुजिव ऐक्ट 1889 ई० व कैद धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत में निगरानीकर्ता का प्रार्थना पत्र परिवाद के रूप में दर्ज कर लिया गया है।

हरगाह मुसम्मा ने दरखास्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 30 माह 11 सन् 2026 ई0 वास्ते समाअत दरखास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता हे कि जिस किसी को निस्वत दरखास्त... के उज्र हो या अदालत या वकालतन व वक्त 10.30 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) वाराण्सी मुकाम कचहरी वाराणसी बतारीख मुकर्रर होकर जो अपना उन पेश करें। दर सूरत इसके जाये तारीख मजकूर के सादिर होगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से दिनांक 27 माह 10 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय
तारीख पेशी- 30.11.2026

अदालती सूचना

मृत प्रतिवादी के वैध प्रतिनिधि को सम्मन

(आदेश 22 नियम 4)

माननीय न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0), एफ.टी.सी. प्रथम, जिला वाराणसी

मूलवाद वाद संख्या - 162 सन् 2013 ई0

नीरज कुमार सिंह आदि बनाम अंकुर सिंह यादव आदि

बनाम

प्रतिवादी संख्या - 4/1 संजय राकेश (उम्र 57 वर्ष) पुत्र स्व0 रामजी प्रतिवादी, निवासी : ग्राम - अमीरती कालोनी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।

प्रतिवादी संख्या - 4/2 रोहित अंशुमान (उम्र 50 वर्ष) पुत्र स्व0 रामजी प्रतिवादी, निवासी : ग्राम - अमीरती कालोनी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।

प्रतिवादी संख्या - 4/3 रावल सिद्धार्थ (उम्र 54 वर्ष) पुत्र स्व0 रामजी प्रतिवादी, निवासी : ग्राम - अमीरती कालोनी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।

चूंकि वादी ने 2013 ई0 के माह फरवरी तारीख 7 के दिवस को इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक वाद स्थित किया था। प्रतिवादी इस बीच में मर गया है और चूंकि उक्त वादी ने यह अभिकथन इस न्यायालय में आवेदित किया है कि आप उक्त मृत वैध के प्रतिनिधि हैं और आप उनके बदले में प्रतिवादी बनाए जाएं।

अतएव अब आपको एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आप 19.01.2027 को सुबह 10 बजे उक्त वाद की प्रतिरक्षा करने के लिए इस न्यायालय में हाजिर हों और उल्लिखित दिन को आपकी उपस्थिति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज 28.10.2026 दिवस को निकाला गया।

आज्ञा से न्यायालय
तारीख पेशी-19.01.2027

आसमान में शिव तांडव से गंगा अवतरण तक के होंगे जीवंत दर्शन

देव दीपावली

✡ राजघाट से नमो घाट तक होगा यह अनूठा आयोजन

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

2100 स्वदेशी ड्रोन से जगमगाएगी काशी, होगा भव्य आकाश प्रदर्शन



राजघाट से नमो घाट के बीच सजेगा आसमान

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यशस्वी मार्गदर्शन में इस वर्ष वाराणसी के राजघाट से लेकर नमो घाट तक के विस्तृत क्षेत्र में देव दीपावली का आयोजन बेहद भव्य और ऐतिहासिक होगा। इस बार लाखों दीपों की रोशनी के समानांतर आसमान में 2,100 स्वदेशी ड्रोन पौराणिक प्रसंगों को सजीव कर उत्सव की दिव्यता को और अधिक विस्तार देंगे। आध्यात्मिक महत्ता और काशी की सनातन विरासत पर आधारित इस 15 मिनट की तकनीकी प्रस्तुति में कुल 15 विशेष ड्रोन फॉर्मेशन नजर आएंगे। थ्री-डी एनिमेशन तकनीक से तैयार इन आकृतियों को थीम आधारित शास्त्रीय संगीत और आकर्षक हिंदी वॉयस-ओवर के साथ इस प्रकार संयोजित किया जाएगा कि गंगा के ऊपर नीला आकाश एक के बाद एक मनमोहक दृश्यों का गवाह बनेगा।

काशी की देव दीपावली इस बार आसमान में भी आस्था, अध्यात्म और आधुनिक तकनीक के अनूठे संगम के रंग बिखेरेगी। गंगा के प्राचीन घाटों पर पहली बार लाखों दीपों की अलौकिक जगमगाहट के बीच 2,100 'मेक इन इंडिया' (स्वदेशी) ड्रोन आसमान में भगवान भोलेनाथ, शिव तांडव, गंगा अवतरण और काशी विश्वनाथ की भव्य आकृतियां उकेरेंगे। करीब 15 मिनट का यह हाईटेक और भव्य ड्रोन शो मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत और विशेष ध्वनि समन्वय के साथ देव दीपावली के पौराणिक वैभव को एक नए आयाम पर ले जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने आगामी 24 नवंबर को होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वरूप देने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। **दिखेंगी 'मां विशालाक्षी' और 'बाबा कालभैरव' की आकृतियां**-पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस संपूर्ण ड्रोन शो की मुख्य थीम 'देव दीपावली' के पौराणिक और सांस्कृतिक स्वरूप पर आधारित होगी। इसमें भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, महेश्वर सूत्र, संगीतमय शिव तांडव और मां गंगा के धराधाम पर अवतरण के भव्य दृश्य काशी के आकाश में जीवंत उठेंगे।इसके अलावा, पावन काशी विश्वनाथ मंदिर, मां विशालाक्षी और नगर कोतवाल बाबा कालभैरव की दिव्य आकृतियां भी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगी। इस हाईटेक प्रस्तुति के माध्यम से न केवल काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग के विकासपरक और सांस्कृतिक प्रतीकों को भी कलात्मक रूप से उकेरा जाएगा। **आस्था और परंपरा का महाकुंभ है देव दीपावली**-'देवताओं की दीपावली' के नाम से विश्वविख्यात यह पावन पर्व हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर धर्मनगरी वाराणसी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप पिछले कुछ वर्षों में वाराणसी की देव दीपावली को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान मिली है।

के. विजयेन्द्र वाराणसी के नए मंडलायुक्त

तबादला

✡ एस राजलिंगम का वाराणसी से कानपुर स्थानांतरण

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

उत्तर प्रदेश शासन ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल करते हुए वाराणसी और कानपुर के मंडलायुक्तों का तबादला कर दिया है। वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजलिंगम को कानपुर का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। वहीं, कानपुर के मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन को वाराणसी मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार के. विजयेंद्र पांडियन वर्तमान में कानपुर के मंडलायुक्त के पद पर तैनात थे। इससे पहले वह आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के साथ उत्तर प्रदेश राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड, स्टेट स्पिनिंग कंपनी लिमिटेड, स्टेट यार्न कंपनी लिमिटेड और सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक तथा उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। शासन के आदेश के अनुसार एस. राजलिंगम को वाराणसी से स्थानांतरित कर कानपुर मंडल का मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं, के. विजयेंद्र पांडियन को कानपुर से वाराणसी भेजा गया है। इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों की मंडलीय प्रशासनिक जिम्मेदारी विजयेंद्र पांडियन के पास होगी।

2008 बैच के आईएएस अधिकारी है विजयेन्द्र



पांडियन का जन्म 18 जुलाई 1981 को हुआ था, उत्तर प्रदेश कैडर के 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके पास बीबीए और एलएलबी की डिग्री है। वर्तमान में, वे 28 अगस्त 2024 से यूपी राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे निदेशक, जिला मजिस्ट्रेट, उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, अतिरिक्त प्रबंध निदेशक, जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, विशेष सचिव, मुख्य विकास अधिकारी और संयुक्त मजिस्ट्रेट जैसे पदों पर रह चुके हैं। वे अंग्रेजी, तमिल और हिंदी में पारंगत हैं। पांडियन भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। वाराणसी भेजे जाने से ठीक पहले विजयेंद्र पांडियन कानपुर के मंडलायुक्त के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वे गोरखपुर के जिलाधिकारी सहित कई प्रमुख प्रशासनिक पदों पर रह चुके हैं।

काशी की हवा में घुला जहर, तीन दिन में 87 अंक उछला एक्यूआई

वाराणसी। धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी की आबोहवा तेजी से बिगड़ रही है। सर्दी की दस्तक के साथ ही हवा में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। हालात यह हैं कि महज तीन दिनों में वाराणसी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 87 अंक उछलकर 231 पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप पर सोमवार, 16 नवंबर को सुबह 8:05 बजे अपडेट आंकड़ों के अनुसार, वाराणसी की हवा देश के सबसे खराब एक्यूआइ वाले शहरों में 23वें स्थान पर है। वाराणसी ने प्रदूषण में दिल्ली को (एक्यूआइ -218) को भी पीछे छोड़ दिया है। शहर के अलग-अलग इलाकों में प्रदूषण का स्तर भी अलग-अलग है। समीर एप के अनुसार, वाराणसी के चार सक्रिय निगरानी केंद्रों में मलदहिया की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआइ 267 दर्ज किया गया। इसके बाद भेलूपुर में 248 और अर्दली बाजार में 218 एक्यूआइ रहा। वहीं, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) स्थित आइईएसडी केंद्र पर एक्यूआइ 190 दर्ज किया गया।

21 नवंबर को जनपद न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

वाराणसी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी के सचिव राजीव मुकुल पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निदेशों के अनुपालन में दिनांक 21 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय, वाराणसी में एनआई एक्ट से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से एनआई एक्ट से संबंधित वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। इससे वादकारियों को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण होने से पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द एवं सद्भाव भी बना रहता है। उन्होंने जनपद के समस्त वादकारियों से अपील की है कि वे अपने एनआई एक्ट से संबंधित लंबित वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने हेतु दिनांक 21 नवंबर 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

कार्यालय परिसर को स्वच्छ सुव्यवस्थित रखने का निर्देश

निरीक्षण

✡ नगर आयुक्त ने नगर निगम कार्यालय एवं परिसर का निरीक्षण

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



नवागत नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय के विभिन्न कक्षों और संपूर्ण परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में अव्यवस्था को देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।

?निरीक्षण के दौरान गैलरी में रखे डस्टबिन की समुचित साफ-सफाई न होने तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं दस्तावेजों के बंडल बेहद अव्यवस्थित ढंग से रखे पाए गए। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर में रखे सभी टूटे-फूटे और अनुपयोगी टेबल, कुर्सी तथा अलमारियों को तत्काल हटाया जाए। इसके साथ ही, कार्यालय कक्षों और गैलरी में लगे जालों की तुरंत सफाई कराने और डस्टबिन को नियमित रूप से साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्यालय के सभी कक्षों, गलियारों और संपूर्ण परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए उच्च स्तर की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। कार्यालय में दस्तावेजों के रख-रखाव को लेकर लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त अभिलेखों एवं दस्तावेजों के बंडलों को सुव्यवस्थित तरीके से निर्धारित स्थानों पर सुरक्षित रखा जाए, ताकि कार्यालय में किसी भी प्रकार की अनावश्यक अव्यवस्था न फैले।

पेंटर की मौत पर परिवार का धरना, मुआवजे की मांग

वाराणसी। शहर में बीते सात नवंबर को कैंट थाना अंतर्गत सेंट्रल जेल मार्ग के समीप स्थित सद्भावना विहार कॉलोनी के मोड़ पर निमार्णाधीन इमारत के चतुर्थ तल से पेंटिंग का कार्य करने के दौरान गिरकर 19 वर्षीय राहुल नामक युवक की हुई मौत के मामले में सोमवार की शाम मौके पर पहुंची मृतक की मां रेखा देवी तथा एकमात्र बहन नैना उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गई। मौके पर पहुंची कैंट पुलिस टीम दोनों मां बेटी को समझाने बुझाने का प्रयास करती रही। देर शाम पुलिस के समझाने के बाद दोनों शांत हुई। कटेसर थाना मुगलसराय निवासिनी मृतक की मां रेखा देवी ने बताया कि उनका इकलौता बेटा 19 वर्षीय मृतक राहुल पेंटिंग का कार्य करता था। ठेकेदार आकाश के अंडर में वह पिछले 14 दिनों से सेंट्रल जेल मार्ग स्थित इमारत में पेंटिंग का कार्य कर रहा था। सात नवंबर को चतुर्थ तल पर बगैर सेफ्टी सुरक्षा कवच के उससे पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा था इसी कारण वह नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। कैंट थाने के उप निरीक्षक ऋतुराज मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर 14 नवंबर को ही मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

टेंगरा मोड़ पर ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, चार घायल

हादसा

✡ घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने ट्रक में की तोड़फोड़

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

रामनगर थाना क्षेत्र के टेंगरा मोड़ के पास सोमवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत तीन सवार और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकराया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक के नशे में होने की आशंका जताई गई। वहीं, कुछ लोगों ने ट्रक का स्टेयरिंग फेल होने की बात कही। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे में घायल ऑटो चालक जितेंद्र सोनकर (25) पुत्र छांगु सोनकर, निवासी कबीर नगर, चंदौली की हालत को लेकर परिवार चिंतित है। समाजसेवी राजेश कुमार सेठ के अनुसार, जितेंद्र परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य है। उसकी कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण होता है। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। मां दिव्यांग हैं, जबकि पिता करीब 60 वर्ष के हैं और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे हैं। जितेंद्र के घायल होने से परिवार के सामने इलाज के खर्च के साथ ही रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यदि वह लंबे समय तक काम करने की स्थिति में नहीं रहता है तो परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति की पहचान मनोज (34) निवासी बबुरी, चंदौली के रूप में हुई है। ऑटो में सवार दो अन्य लोग बेहोशी की हालत में होने के कारण अब तक पहचान में नहीं आ सके हैं।

डीआरएम ने यात्री सुविधाओं और संरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने सोमवार को वाराणसी सिटीझंझपरा रेलखंड के विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान बॉसडीह रोड स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं फुट ओवरब्रिज सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पैनल इंटरलॉकिंग, आपातकालीन बटन, संकेतक, संचार उपकरण, रिले रूम, डाटा लॉगर एवं अग्निशमन यंत्रों की कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने छठ पर्व के दौरान संचालित विशेष ट्रेनों के परिचालन की जानकारी भी ली। डीआरएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्री सुविधाएं बेहतर बनाए रखने, संरक्षा उपकरणों की नियमित जांच करने तथा संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय ब्रह्मानंद, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कुंवर सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव, सहायक सुरक्षा आयुक्त एन.एम. यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

छठ व्रतियों को पंडाल लगाकर वितरित किया पूजा सामग्री



रामनगर/वाराणसी। लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पर रामनगर के रामबाग पोखरा स्थित दुर्गा मंदिर के पास श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पंडाल लगाया गया। सोमवार की भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं और उनके परिजन भोर से ही घाट पर पहुंचने लगे थे। सभी को भगवान भास्कर के दर्शन का इंतजार था। इस दौरान पंडाल के माध्यम से व्रती महिलाओं को निशुल्क पूजा सामग्री वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महानगर किसान मोर्चा मंत्री एवं ग्राम क्षेत्र पंचायत सदस्य सुल्तानपुर देवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र शंकर सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष योगेश सिंह पिंकू, राहुल गुप्ता, सिद्धार्थ जायसवाल, जितेंद्र दीक्षित, रत्नाकर द्विवेदी, रविशंकर दीक्षित, वीरेंद्र चौहान, डॉ. अमित यादव, विवेक मिश्रा और राजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ध्यान योग जागरण केंद्र पर शोक सभा का आयोजन



वाराणसी। विश्व हिंदू परिषद इंग्लिशिया लाइन में कार्यालय प्रमुख भूपेंद्र सिंह की माता के देहांत होने पर कार्यालय परिसर में मौन धारण कर शोक सभा का आयोजन किया गया। योग शिक्षक एवं प्रशिक्षक शिवनारायण प्रशिक्षु पूनम, खुशबू, इन्दु देवी, विश्व हिंदू परिषद कार्यालय सह प्रमुखअजीत उत्तर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश नेता सियाराम तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता संचय रस्तोगी, रामेंद्र पांडेय, दिनेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

छठ पर बलुआघाट पहुंचे असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य



रामनगर/वाराणसी। डाला छठ के पावन अवसर पर सोमवार की सुबह असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य रामनगर के बलुआघाट पहुंचे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे घाट पर पहुंचने के बाद उन्होंने प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किए और मंदिर की चौखट पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद परिचितों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान छठ पूजा समिति के संतोष द्विवेदी ने राज्यपाल को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। सम्मान के बाद राज्यपाल ने बलुआघाट का भ्रमण किया और छठ पूजा की व्यवस्थाओं को देखा।

राज्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास



रोहनिया/वाराणसी। राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की कड़ी को गति प्रदान करते हुए सोमवार को त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत छह विकास कार्यों का शिलान्यास किया। राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि कंदवा में पंचकोसी मार्ग से श्रीराम प्रजापति के घर तक 35.89 लाख से 375 मीटर, अमरा खैरा चक में पंचकोसी मार्ग से सत्यम नगर में रत्नाकर सिंह के घर तक 17.13 लाख से 137 मीटर तथा खनाव में भुआलपुर से विभूति नारायण के घर तक 16.85 लाख से 225 मीटर मार्ग बनेगा। पंडितपुर में एजीआरएस से मुसहर बस्ती तक 17.47 लाख से 349 मीटर, मण्डुआडीह में गोपाल गुप्ता से दिलीप पटेल के मकान तक 11.99 लाख से 166 मीटर मार्ग बनेगा। कंचनपुर में लगभग 13 लाख से एक पुलिया बनेगी। इन छह कार्यों पर कुल लगभग 1 करोड़ 12.33 लाख खर्च होंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, महामंत्री राज बहादुर राजभर, गौरव सिंह पटेल, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, केशव यादव, बिपिन चंद्र पाल, बृजेश राजभर, राकेश राजभर, अंकित जायसवाल, सहित सभी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र के सह-कोषाध्यक्ष बने कृष्ण कुमार

बाबतपुर/वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं उत्तर प्रदेश वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ रामू को पिछड़ा मोर्चा का काशी क्षेत्रीय सह-कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन से क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पिंडरा बाजार निवासी व पूर्व ग्राम प्रधान रामू गुप्ता ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

आखिरकार पकड़ा गया शहर में दहशत फैलाने वाला तेंदुआ

मिली कामयाबी

✡ कैंट क्षेत्र में कई दिनों से चल रही थी तलाश, कई बकरियों को बना चुका था निवाला

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



कैंट क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। कई दिनों की मशक्कत और लगातार निगरानी के बाद वन विभाग की टीम को सफलता मिली। बकरी को शिकार बनाने के लिए जैसे ही तेंदुआ पिंजरे में दाखिल हुआ, उसका शटर गिर गया और वह अंदर कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। कैंट क्षेत्र में करीब दो सप्ताह पहले तेंदुआ देखे जाने के बाद से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल था। स्थानीय लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे थे। तेंदुए के हमले में कई बकरियों के शिकार होने की बात भी सामने आई थी। इसके बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए इलाके में जाल और पिंजरा लगाया था। टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही थी। स्थानीय निवासी पॉल जेनिया ने बताया कि तेंदुए की दहशत के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। वह कई बकरियों को अपना शिकार बना चुका था। वन विभाग की टीम ने पिंजरे की मरम्मत कर उसे लगाया था। बकरी को खाने के लिए जैसे ही तेंदुआ पिंजरे के अंदर पहुंचा, शटर गिर गया और वह पकड़ा गया। डीएफओ निधि चौहान ने तेंदुए के पकड़े जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति मांगी गई है। वहां से जो निर्देश प्राप्त होंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत 19 से बूथों पर उतरेगी भाजपा

वाराणसी। मतदाता सूची का शुद्धीकरण महज चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का संवैधानिक दायित्व है। चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने का यह अंतिम महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए भाजपा आगामी 19 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक मतदाता जोड़ो अभियान चलाएगी भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस अभियान को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ ले। 19 नवंबर से बूथ स्तर पर युद्धस्तर पर अभियान शुरू कर हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का प्रयास किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त जानकारी भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला से लौटने के बाद रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकताओं और क्षेत्रीय पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है।

10 दिसंबर तक शहीद उद्यान का कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम

निरीक्षण

✡ अधिशासी अभियंता को नोटिस, नगर आयुक्त ने धीमी प्रगति पर जताई कड़ी नाराजगी

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

नगर निगम के विकास कार्यों में सुस्ती अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने सोमवार को सिगरा क्षेत्र स्थित सोनिया तालाब और शहीद उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों ही स्थानों पर कार्यों की धीमी गति और लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित कार्यदायी फर्मों और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों को पूरा करने की अंतिम समय-सीमा निर्धारित कर दी है। निरीक्षण के दौरान सिगरा स्थित शहीद उद्यान में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य तय समय से काफी पीछे और बेहद धीमी गति से चलता मिला। ?कार्यों में प्रभावी पर्यवेक्षण के अभाव को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता (सिविल) अगम कटियार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि 10 दिसंबर तक कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा नहीं हुआ, तो संबंधित कार्यदायी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की संस्तुति सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अदालती सूचना

इश्तेहार मजारिया अदालत सिविल जज (सी०डी०) वाराणसी, मुकाम वाराणसी

दरखास्त मुसम्मा श्रीमती उषा पाण्डेय पत्नी जितेन्द्र पाण्डेय पुत्री स्व० गायत्री निशा, निवासी मकान नं० - बी० 36/10-44 मोहल्ला - कैवल्य धाम कालोनी, दुर्गाकुंड, मौजा - भदैनी वार्ड भेलूपुर, परगना - देहात अमानत, तहसील सदर जिला वाराणसी, उ०प्र० 221005, पेन कार्ड संख्या AHPPP5314A आधार कार्ड संख्या 7267075 16097 मो० नं० - 993565638

बनाम

(1) श्रीमती आशा पाण्डेय पत्नी श्री अशोक कुमार पाण्डेय पुत्री स्व० गायत्री मिश्रा निवासिनी मकान नं० बी० 36/10-44 मोहल्ला कैवल्य धाम कालोनी, दुर्गाकुण्ड मौजा भदैनी, वार्ड भेलूपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी उ0प्र0-221005 आधार कार्ड सं० 2990 5382 9970 मो० नं० 9431262262

(2) श्रीमती विभा मिश्रा पत्नी श्री सुमेन्दू मिश्रा पुत्री स्व० गायत्री मिश्रा निवासिनी मकान नं० बी० 36/10-44 मोहल्ला कैवल्यधाम कालोनी, दुगार्कुण्ड मौजा भदैनी, वार्ड भेलूपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी उ० प्र०-221005 पैन कार्ड सं० ATZPM-4708D आधार कार्ड सं0 7783 6936 1286 मो० नं० 9897010897

(3) श्रीमती आभा मिश्रा पत्नी श्री अमित सिंह पुत्री स्व० गायत्री मिश्रा निवासिनी मकान नं० बी० 36/10-44 मोहल्ला कैवल्यधाम कालोनी, दुगार्कुण्ड मौजा भदैनी, वार्ड भेलूपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी उ० प्र०-221005 पैन कार्ड सं० AKFPM6090D आधार कार्ड सं० 3789 3135 1673 मो० नं० 9451887940 ...प्रतिवादीगण।

वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट जर कर्जा व किफायत हाय याफतानी मुसम्मा व० सत्येन्द्र कुमार मौर्य मुतफरका सक्सेशन 468/26 अपने वमुजिब ऐक्ट 1889 ई० व कैद धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत में निगरानीकर्ता का प्रार्थना पत्र परिवाद के रूप में दर्ज कर लिया गया है।

हरगाह मुसम्मा ने दरखास्त हुसुल सर्टिफिकेट गुजरानी है और तारीख 21 माह 11 सन् 2026 ई0 वास्ते समाअत दरखास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता हे कि जिस किसी को निस्वत दरखास्त... के उज्र हो या अदालत या वकालतन व वक्त 10.30 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) वाराण्सी मुकाम कचहरी वाराणसी बतारीख मुकर्रर होकर जो अपना उन पेश करें। दर सूरत इसके जाये तारीख मजकूर के सादिर होगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से दिनांक 30 माह 10 सन् 2026 ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय
तारीख पेशी- 21.11.2026

काशी विद्यापीठः योग, ध्यान एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में नशा मुक्ति अभियान-2026 के अंतर्गत सोमवार को योग, ध्यान एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। डॉ. रविकांत (योगाचार्य) के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विभिन्न योगाभ्यास एवं प्राणायाम गतिविधियां संपन्न कराई गईं। उन्होंने विद्यार्थियों को योग की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया तथा प्रत्येक अभ्यास के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों से परिचित कराया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रियता के साथ विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम गतिविधियों में सहभागिता की। इसमें अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार तथा अन्य योगाभ्यास शामिल रहे।

सड़क नियमों का पालन केवल कानून नहीं, जीवन की सुरक्षा का कवचः आनंद



बाबतपुर (वाराणसी)//भारत एकता टाइम्स। श्री बलदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़ागाँव में सोमवार को 'सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह' के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें विकसित करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद प्रकाश ने कहा कि एक अनुशासित छात्र ही भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। उन्होंने कहा कि सड़क पर अनुशासन दिखाना हमारे सभ्य होने का प्रमाण है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संयम के साथ वाहन चलाने और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर सुरक्षित यात्रा करने का कड़ा संदेश दिया। इससे पूर्व, विषय की प्रस्तावना रखते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. उमा कान्त सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा महज एक कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि हमारे जी

भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, मंगलवार, 17 नवम्बर 2026

सीट शेयरिंग का सवाल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यूपी के सन्दर्भ में साफ कह दिया है कि सीटों का बंटवारा सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए। राहुल के इस बयान को सपा के मात्र 50-60 सीटें देने की रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। दरअसल जैसे-जैसे उत्तर प्रदेश विस चुनाव-2027 की ओर बढ़ रहा है, विपक्ष के भीतर सीटों के बंटवारे पर पुरानी खींच-तान शुरू हो गयी है। लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच एक समझदारी बनी थी, जिससे राज्य की सीटों का अच्छा खासा हिस्सा उनकी झोली में आया था। लेकिन बताया जा रहा है कि कांग्रेस अब 181 सीटें मांग रही है, जो कुल 403 विधानसभा क्षेत्रों का तकरीबन 45 फीसदी है। यह उस दुविधा का ताजातरीन उदाहरण है, जिससे कांग्रेस गुजर रही है। खासकर, उन राज्यों में जहां वह हाशिए पर पहुंच चुकी है और अपना पुनरुत्थान चाहती है। पार्टी इस मंथन में जुटी है कि कैसे भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ गठबंधन को कमजोर किए बिना, अपने अपेक्षाकृत मजबूत सहयोगियों से अपने लिए फायदेमंद सौदेबाजी की जाए। यह देखते हुए कि भाजपा - जो अब भी दलीय व्यवस्था में दबदबे की स्थिति में है, के खिलाफ असंतोष बढ़ रहा है, विपक्ष को परिस्थितियां अपने अनुकूल लग रही हैं और इसके प्रमुख दल इस बात पर सहमत हैं कि भाजपा का मुकाबला करने का इकलौता तरीका एक ऐसा शक्तिशाली गठबंधन बनाना है, जिसका एक प्रबल और एकजुट संदेश हो।



सत्येन्द्र श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक

हिंदी पट्टी और उन राज्यों में, जहां कभी कांग्रेस का बोलबाला हुआ करता था, खुद को दोबारा खड़ा करने की उसकी कोशिशों से गठबंधन की एकता दबावग्रस्त हो गयी है। बिहार में, महागठबंधन जनता दल (यूनाइटेड)-भाजपा गठबंधन के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर की फसल काटने में नाकाम रहा। आंशिक रूप से इसलिए कि वह राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के पीछे मौजूद सामाजिक ताकतों का पूरा समर्थन नहीं जुटा सका और आंशिक रूप से इसलिए भी कि कांग्रेस ने सीट बंटवारे के निपटारे में इतना वक्त ले लिया कि चुनाव अभियान एकाकार नहीं हो पाये। तमिलनाडु में, कांग्रेस द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) से और सीटों की मांग पर अड़ी रही और गठबंधन में देरी की, जबकि अंदरूनी कलह के कारण उसका चुनाव अभियान फीका रहा, जिसके चलते उसे, जिन सीटों पर वह लड़ी, सभी गठबंधन साझेदारों में सबसे कम वोट शेयर मिला। पार्टी के भविष्य के मद्देनजर देखें तो उत्तर प्रदेश में भी इसी रास्ते पर चलने की जरूरत नहीं है।

दरअसल 181 सीटों की मांग उस पार्टी के लिए बहुत महत्वाकांक्षी है, जो साल 2022 में अपनी लड़ी 399 सीटों पर महज 2.33 फीसदी वोट पा सकी, जबकि सपा जिन 347 सीटों पर लड़ी उसमें से 111 पर जीत दर्ज की और 32 फीसदी वोट हासिल किये। कांग्रेस की यह बात वाजिब है कि तब से चीजें बदली हैं। साल 2024 में, सपा और कांग्रेस ने मिलकर उत्तर प्रदेश की 80 में से 43 लोकसभा सीटें जीतीं। उन्हें 43.2 फीसदी वोट शेयर मिला जो भाजपा-नीत गठबंधन के 43.7 फीसदी से थोड़ा ही कम था। कांग्रेस ने जिन 17 सीटों पर लड़ा, उनमें से वह केवल छह सीटें जीत पायी, लेकिन इन छह पर उसका वोट शेयर 44.2 फीसदी रहा, जो सपा के 43.4 फीसदी से थोड़ा ज्यादा था। पार्टी यह दलील भी दे सकती है कि युवाओं की चिंताओं और भारत के चुनावी लोकतंत्र की दशा पर उसके राष्ट्रीय अभियानों ने उसे ज्यादा मांगने लायक ताकत दी है। लेकिन एक सक्षम राज्यव्यापी संगठन का अभाव बताता है कि 181 बहुत ज्यादा है। सपा सबसे मजबूत विपक्षी पार्टी बनी हुई है और उसने स्थानीय गोलबंदियों के जरिए बहुसंख्यकवादी भाजपा से मुकाबला करने के लिए पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों का एक नया सामाजिक गठबंधन तैयार किया है। साल 2024 वाला बंदोबस्त, जिसमें कांग्रेस ने एक बटा पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था, एक ज्यादा मुनासिब मार्गदर्शक है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस को चाहिए कि 100 के आसपास मजबूत और जिताऊ सीटों पर खुद को सीमित करे। तभी चुनाव अभियान ज्यादा एकजुट बनेगा और सपा के साथ बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा।



अनमोल वचन

स्वामी रामकृष्ण परमहंस

मन ही व्यक्ति को बांधता है, मन ही व्यक्ति को मुक्त करता है। जो भी पक्के दृढ़ विश्वास से कहता है 'मैं बंधा हुआ नहीं हूँ, मैं मुक्त हूँ' वो मुक्त हो जाता है। वो मूर्ख है जो हमेशा रटता रहता है : 'मैं बंधन में हूँ, मैं बंधा हुआ हूँ...

कैंसर उपचार को किफायती और सुलभ बनाने की पहल



कैंसर की दवाओं की ऊंची कीमतों के प्रमुख कारण कैंसर के उपचार में प्रयोग होने वाली कुछ आधुनिक दवाएं, विशेषकर जैविक दवाएं और इम्युनोथेरेपी, पारंपरिक रासायनिक दवाओं की तुलना में अधिक महंगी होती हैं। जिसका कारण, इनके विकास और निर्माण की जटिल प्रक्रिया है। जहां सामान्य रासायनिक दवाएं नियंत्रित रासायनिक प्रक्रियाओं से तैयार की जाती हैं, वहीं जैविक दवाएं जीवित कोशिकाओं और जैविक प्रणालियों की सहायता से विकसित होती हैं। इनके निर्माण के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, विशेष उत्पादन सुविधाओं, जटिल तकनीकों और गुणवत्ता के कड़े मानकों की जरूरत होती है...

चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति ने कैंसर सहित अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार की संभावनाओं को पहले से कहीं अधिक व्यापक बना दिया है। नई दवाओं, लक्षित उपचार और इम्युनोथेरेपी जैसी बहुत प्रभावशाली आधुनिक पद्धतियों ने कई प्रकार के कैंसर के उपचार में नई उम्मीद जगाई है। कैंसर का प्रभाव केवल मरीज के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह उसके परिवार के भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी प्रभावित करता है। ये भी सच है कि उपचार की लंबी प्रक्रिया, अस्पतालों के लगातार चक्कर और दवाओं की ऊंची कीमतें जैसी कई चुनौतियों के कारण मरीज और उसके परिजन बिना लड़ाई लड़े ही उम्मीद खोने लगते हैं।

मरीजों को मिलेगी सीधी राहत -

कैंसर की दवाओं की ऊंची कीमतों के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। जहां एक ओर, विशेष रूप से बायोलॉजिकल दवाओं और नई उपचार पद्धतियों के



श्रीमति अनुप्रिया पटेल

अनुसंधान, विकास एवं विनिर्माण में होने वाला भारी निवेश इनकी लागत को प्रभावित करता है, वहीं दूसरी ओर, आपूर्ति श्रृंखला में अत्यधिक व्यापारिक मार्जिन जैसी अनुचित प्रथाओं के कारण कैंसर की दवाएं महंगी होती हैं। इसी संदर्भ में, भारत सरकार ने जनहित में 137 चिन्हित गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं के व्यापार मार्जिन का युक्तिसंगतीकरण (टीएमआर) किया है। इसमें न केवल घरेलू बाजार में उपलब्ध दवाएं शामिल हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर उपलब्ध दवाएं भी शामिल हैं। इसके तहत इन दवाओं पर अधिकतम व्यापार मार्जिन 30 प्रतिशत निर्धारित किया है। यह कदम सुनिश्चित करता है कि वर्तमान और भविष्य की कैंसर दवाओं को 30% मार्जिन के अंतर्गत कवर किया जाए। जिससे 1000 से अधिक कैंसर दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 20%-70% की कमी आई है। । दवाओं और ब्रांडों के स्तर पर वास्तविक मूल्य कटौती अलग-अलग हो सकती है। उम्मीद है कि इससे न केवल कैंसर का उपचार अधिक किफायती होगा, बल्कि उन मरीजों को भी समय पर उपचार शुरू करने का भरोसा मिला है, जो अब तक इसकी ऊंची लागत के कारण कैंसर के इलाज में पहला कदम उठाने में हिचकिचाते रहे थे।

कैंसर की दवाओं की ऊंची कीमतों के प्रमुख कारण

कैंसर के उपचार में प्रयोग होने वाली कुछ आधुनिक दवाएं, विशेषकर जैविक दवाएं और इम्युनोथेरेपी, पारंपरिक रासायनिक दवाओं की तुलना में अधिक महंगी होती हैं। जिसका कारण, इनके विकास और निर्माण की जटिल प्रक्रिया है। जहां सामान्य रासायनिक दवाएं नियंत्रित रासायनिक प्रक्रियाओं से तैयार की जाती हैं, वहीं जैविक दवाएं जीवित कोशिकाओं और जैविक प्रणालियों की सहायता से विकसित होती हैं। इनके निर्माण के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, विशेष उत्पादन सुविधाओं, जटिल तकनीकों और गुणवत्ता के कड़े मानकों की जरूरत होती है। इसके अलावा, इनकी सुरक्षा और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए लंबे शोध और व्यापक क्लिनिकल परीक्षण भी किए जाते हैं, जो भी सामान्य से अधिक जटिल होती है। इन सभी पहलुओं का असर दवाओं की लागत पर पड़ता है। इसलिए कैंसर की दवाओं की कीमतों को कम करने के प्रयास में यह समझना भी जरूरी है कि एक ओर नई चिकित्सा तकनीकों को प्रोत्साहन मिले, वहीं दूसरी ओर उनका लाभ मरीज तक भी पहुंचे।

कैंसर की इन महंगी दवाओं को मरीजों तक सुलभ बनाने के लिए, अधिक से अधिक अस्पतालों को टाटा मेमोरियल अस्पताल के कैंसर ग्रिड का हिस्सा बनना होगा, जहां बातचीत के जरिए कीमतों में छूट देकर नई चिकित्सा पद्धतियों को मरीजों के लिए किफायती बनाया जा रहा है। इसके अलावा, सीजीएचएस जैसी सरकारी खरीद प्रणाली से इन नई दवाओं की थोक खरीद करके इन्हें मरीजों तक पहुंचाया जा सकता है।

एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' पर देखें संशोधित कीमतें -

यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि दवाओं की कीमतों में की गई कमी का वास्तविक लाभ मरीजों को मिले और यह कमी अस्पतालों के बिलों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सरकारी और निजी, दोनों तरह के अस्पतालों में यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीजों से संशोधित कीमतों के अनुसार ही भुगतान लिया जाए। संशोधित कीमतें 9 नवंबर, 2026 से हो चुकी हैं। मरीज एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से कीमतों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि कैंसर रोधी दवाओं की एक बड़ी आपूर्ति सीधे अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को की जाती है, इसलिए उन्हें निर्धारित तारीख से ही मरीजों को कम कीमतों पर दवाएं उपलब्ध करानी होंगी। दवाओं की नई कीमतें अस्पतालों और फार्मेसियों में प्रमुखता से प्रदर्शित होनी चाहिए। सरकार इस व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी अस्पताल और फार्मेसी स्तर पर राज्य औषधि नियंत्रक (स्टेट ड्रग कंट्रोलर्स) निमार्ताओं के माध्यम से कर रही है। । इसके साथ ही, Pharma Sahi Daam ऐप पर प्राप्त होने वाली शिकायतों और फीडबैक के जरिए भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मूल्य में की गई कटौती का पूरा लाभ मरीजों तक पहुंचे। कैंसर, रोगी और उसके परिवार दोनों के लिए एक लंबी लड़ाई है। डॉक्टरों और अस्पतालों के लिए, कैंसर से जंग जीतने वाला हर मरीज उनकी सफलता की एक और कड़ी है। सभी प्रकार की कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन कैप लगाने से कैंसर का इलाज किफायती और सुलभ हो जाएगा। अस्पतालों, फार्मेसियों और गैर सरकारी संगठनों के सामूहिक प्रयासों से कैंसर रोगी और उनके परिवारों को किफायती कैंसर देखभाल और करीब हम लाने में सक्षम होंगे। अंततः किसी भी स्वास्थ्य नीति की सार्थकता इसी में है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति और नवाचार जारी रहने चाहिए और इसका लाभ हर जरूरतमंद मरीज तक पहुंचे और आर्थिक कठिनाइयां उसके उपचार के रास्ते में बाधा न बनें।

(केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री हैं।)

खेल खिलाड़ी

भारत नौ से 28 अक्टूबर 2029 तक चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा जबकि 2031 में नौ अक्टूबर से 23 नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेगा। भारत 2006 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही आईसीसी ने 2031 में वनडे विश्व कप की भारत में वापसी की भी पुष्टि कर दी है। भारत ने इससे पहले अक्टूबर-नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी। वहीं 2027 का वनडे विश्व कप भी अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा...

2029 चैंपियंस ट्रॉफी
भारत करेगा मेजबानी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड ने रविवार को 2035 तक होने वाले मुख्य पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की विंडो को मंजूरी दे दी जिसके अंतर्गत भारत नौ से 28 अक्टूबर 2029 तक चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा जबकि 2031 में नौ अक्टूबर से 23 नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेगा। भारत 2006 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही आईसीसी ने 2031 में वनडे विश्व कप की भारत में वापसी की भी पुष्टि कर दी है। भारत ने इससे पहले अक्टूबर-नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी। वहीं 2027 का वनडे विश्व कप भी अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश 2031 में होने वाले वनडे विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

हालांकि 2031 के बाद होने वाले टूर्नामेंट के मेजबान देशों की घोषणा नहीं की गई है लेकिन उनके आयोजन की तारीखें सार्वजनिक कर दी गई हैं। आईसीसी का यह निर्धारित कार्यक्रम 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप से शुरू होकर 2035 में होने वाले वनडे विश्व कप तक जारी रहेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, आईसीसी के टूर्नामेंटों का पोर्टफोलियो और कार्यक्रम क्रिकेट के वैश्विक ढांचे के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

ये इस खेल को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ-साथ पूरे क्रिकेट जगत को एक बेहतर दिशा और संदर्भ प्रदान करते



हैं। उन्होंने कहा, हम खिलाड़ियों और सदस्य देशों को इन टूर्नामेंटों के बारे में लंबे समय पहले जानकारी उपलब्ध कराने के महत्व को भी समझते हैं। इससे खिलाड़ियों के विकास के लिए बेहतर योजनाएं, उच्च प्रदर्शन वाले कार्यक्रम और व्यवस्थित क्रिकेट कैलेंडर तैयार करने में मदद मिलेगी। इसके बाद 2035 में होने वाले वनडे विश्व कप का आयोजन भी तय कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर के दौरान खेला जाएगा, हालांकि इसके मेजबान देश का फैसला अभी नहीं हुआ है। 2028 का टी20 विश्व कप 12 अक्टूबर से 12 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित होगा। फिर इसके अगले चरण का आयोजन 2030 में होगा जिसकी संयुक्त मेजबानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड करेंगे। इसके बाद 2032 और 2034 में भी टी20 विश्व कप आयोजित किए जाएंगे। हालांकि, इन दोनों टूर्नामेंट के मेजबान देशों और आयोजन स्थलों की घोषणा अभी नहीं की गई है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल 2035 तक हर दो साल में जून महीने में आयोजित होता रहेगा। इंग्लैंड 2029 और 2031 के फाइनल की मेजबानी करेगा जबकि 2033 और 2035 के फाइनल के मेजबान देशों की घोषणा बाद में की जाएगी।

जय शाह
दूसरी बार आईसीसी चेयरमैन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि जय शाह को दो साल के दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से निर्विरोध चेयरमैन नियुक्त किया गया है। आईसीसी ने कहा कि इससे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर निरंतरता सुनिश्चित होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव रह चुके 38 वर्षीय शाह ने दिसंबर 2024 में आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्हें यहां रविवार को संपन्न हुई वैश्विक संस्था की बोर्ड बैठकों के दौरान दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्त किया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, यह फैसला शाह के नेतृत्व में बोर्ड के विश्वास को दशार्ता है और खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर निरंतरता सुनिश्चित करता है। वैश्विक विस्तार, प्रशंसकों की संख्या में वृद्धि और व्यावसायिक विकास हमारी रणनीतिक योजना के प्रमुख केंद्र में हैं। क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिलिस खेलों के जरिए ओलंपिक में वापसी की तैयारी भी कर रहा है। शाह ने आईसीसी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी बोर्ड ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं सभी निदेशकों का उनके निरंतर भरोसे और समर्थन के लिए तहे दिल से आभारी हूं। उन्होंने कहा, आईसीसी अध्यक्ष के रूप में काम करना मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं दुनिया भर में क्रिकेट के हितों को आगे बढ़ाने के लिए सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध हूं।



आईसीसी ने एक बयान में कहा, यह फैसला शाह के नेतृत्व में बोर्ड के विश्वास को दशार्ता है और खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर निरंतरता सुनिश्चित करता है। वैश्विक विस्तार, प्रशंसकों की संख्या में वृद्धि और व्यावसायिक विकास हमारी रणनीतिक योजना के प्रमुख केंद्र में हैं। क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिलिस खेलों के जरिए ओलंपिक में वापसी की तैयारी भी कर रहा है...

सूर्यकुमार यादव
छलका बाहर होने का दर्द




टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम से बाहर किए जाने से आहत स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। सूर्यकुमार ने यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के शुरूआती मुकाबले में मुंबई की ओर से हैदराबाद के खिलाफ महज 21 गेंदों पर 60 रन की तूफानी पारी खेलकर अपने इरादे जाहिर किए। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में वापसी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपनी मानसिकता और कौशल पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

मैच के बाद सूर्यकुमार ने कहा, 'विश्व कप जीतने के बाद स्वाभाविक रूप से आपको उम्मीद होती है कि आईपीएल के बाद या जब भी भारत की पहली सीरीज होगी, आप खेलेंगे। क्योंकि आपने एक बड़ा टूर्नामेंट जीता है और आईसीसी का खिताब जीतना आसान नहीं होता, खासकर अपनी धरती पर जो इससे पहले कोई ऐसा नहीं कर पाया था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन चयनकर्ताओं के पास इसके अपने कारण रहे होंगे और उन्होंने यह फैसला लेने से पहले काफी सोच-विचार किया होगा। लेकिन हां, मुझे दुख पहुंचा था। अगर आपको दुख या तकलीफ महसूस नहीं होगी तो आप उसे जुनून में कैसे बदलेंगे और उस जुनून के साथ कैसे खेलेंगे? फिलहाल मैं यही करने की कोशिश कर रहा हूं। सूर्यकुमार ने कहा कि देश के लिए खेलने की उनकी भूख फिर से लौट आई है और वह टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए खेलने की वही भूख फिर लौट आई है, जो पहले मेरे अंदर हुआ करती थी। जब मैं घरेलू क्रिकेट में वापसी करके रन बनाता था, तब भी यही जुनून रहता था। अगर मुझे दोबारा भारत के लिए खेलना है तो मुझे एक बार फिर अपनी जगह बनाने के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। हाल में मुंबई का कप्तान नियुक्त किए गए सूर्यकुमार ने कहा कि यह जिम्मेदारी मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक के भरोसे और सम्मान को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नाइक चाहें तो किसी अन्य खिलाड़ी को टीम की कप्तानी सौंप सकते थे, लेकिन भारतीय टीम से बाहर रहने के मुश्किल दौर में भी उन्होंने उनका साथ दिया। सूर्यकुमार ने कहा, ह्यह्यउस मुश्किल दौर में मेरा साथ देना, मेरा हौसला बढ़ाना और एक बार फिर मुझे राज्य की टीम का कप्तान बनाना बहुत मायने रखता है। वह किसी और को भी यह जिम्मेदारी दे सकते थे।

मंगलवार, 17 नवम्बर 2026(पंचांग)

सूर्योदय - 06 : 13
सूर्यास्त - 05 : 11



ज्योतिषाचार्य
आचार्य महेश चन्द्र मिश्र

मेष : परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें। परोपकार में रुचि बढ़ेगी।

वृषभ : आज शत्रु अधिक सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें।

मिथुन : आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी।

कर्क : कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह : कानूनी अड़चन दूर होगी। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें।

कन्या : चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा।

तुला : जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय कार्य की बाधा दूर होगी। माता को बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। पारिवारिक विवादों से दूर रहना चाहिए।

वृश्चिक : मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे।

धनु : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा।

मकर : आज बुरी खबर मिल सकती है। किसी भी तरह के विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ बनी रहेगी। पत्नी के आय में कमी होगी।

कुंभ : मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है।

मीन : मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर
विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)
फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com

✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा किया व्रत

आस्था

✡ चार दिवसीय छठ पर्व का समापन, 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा

भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर



चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हुआ। चौथे दिन व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा किया और पारण किया। शहर और ग्रामीण इलाकों के घाटों पर भीड़ जुटी। गोपी घाट, अचला घाट, हनुमान घाट, बीबीपुर घाट और बेलाव घाट पर सुबह से श्रद्धालु पहुंचे। व्रतियों ने परिवार की सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना के साथ अर्घ्य दिया। घाटों पर लोकगीत गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए घाटों पर व्यवस्था की गई थी। व्रती महिलाओं ने अर्घ्य के लिए रात से ही पूजा की सामग्री तैयार की थी। थाल में फल, सुथनी, केले, अमरूद, नारियल, ठेकुआ और चिउड़े समेत अन्य चीजें 6, 12 या 24 की संख्या में सजाई गई थीं। बुधवार को खरना के दिन व्रती महिलाओं ने साठी के चावल, गुड़ और गाय के दूध से बनी खीर खाई थी। इसके बाद उन्होंने निर्जल व्रत शुरू किया था। छठ में माता षष्ठी और भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। मान्यता है कि सूर्य देव भक्तों को वैभव और सुख-समृद्धि देते हैं, जबकि माता षष्ठी पुत्रों की लंबी उम्र की रक्षा करती हैं। इस पूजा को संतान सुख, संतान की रक्षा और सुख-शांति का प्रतीक माना जाता है।

खेतासराय में व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया

खेतासराय। पूजा के सूप में सजे फल, ठेकुआ और नारियल, घाटों पर गूंजते छठ गीत और परिवार के साथ पूजा में जुटे श्रद्धालु। सोमवार की सुबह खेतासराय के छठ घाटों पर लोक आस्था की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। कस्बे के भारती विद्यापीठ और फक्कड़ बाबा की कुटिया स्थित छठ घाटों पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। व्रती महिलाओं ने रात में ही पूजा की तैयारियां पूरी कर ली थीं। सूप और थाल में फल, सुथनी, केला, अमरूद, नारियल, ठेकुआ और चिउड़ा सहित अन्य सामग्री सजाई गई थी। परंपरा के अनुसार पूजन सामग्री छह, 12 और 24 की संख्या में रखी गई थी। गन्ने और दीपों से सजे घाट आकर्षण का केंद्र रहे। व्रती महिलाएं पानी में खड़ी होकर सूर्योदय की प्रतीक्षा करती रहीं। पहली लालिमा दिखाई देते ही दूध और जल से अर्घ्य देने का सिलसिला शुरू हो गया। छठी मइया के जयकारों से घाट गूंज उठे। खरना के दिन साठी के चावल, गुड़ और गाय के दूध से बनी खीर ग्रहण करने के बाद महिलाओं ने करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया था।

कार्यकर्ता से बड़ा कोई नहीं

✡ कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही सामान्य व्यक्ति बनता है: राज्यसभा सांसद

भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर



सोमवार को भाजपा जिला मछलीशहर कार्यालय पर बैठक और स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इसमें नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद कार्यकताओं ने विद्यासागर सोनकर को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। विद्यासागर सोनकर ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता से बड़ा कोई नहीं है। कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष से सामान्य व्यक्ति सांसद, विधायक और अन्य जिम्मेदारियों तक पहुंचता है। पार्टी की पहचान उसके मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं से है। यहां व्यक्ति की पहचान पद से नहीं, बल्कि उसके काम और समर्पण से होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल और एकजुटता के साथ काम करने की अपील की। साथ ही आने वाले चुनावों को देखते हुए पार्टी के कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों में जुटने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने और लोगों की समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की अपील की। सोनकर ने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और उनकी अपेक्षाओं का ध्यान रखने का भरोसा भी दिया। जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जिला संगठन और कार्यकर्ताओं की ओर से है। उन्होंने सोनकर का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

जौनपुर के उमेश मिश्रा नए डीएम बने



जौनपुर। योगी सरकार ने सोमवार शाम 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए। भदोही, चंदौली, गोंडा, जौनपुर, श्रावस्ती और शामली के जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. को सहकारिता विभाग में अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) बनाया गया है। नगर विकास विभाग के विशेष सचिव उमेश मिश्रा जौनपुर के नए डीएम होंगे। सैमुअल पाल का जौनपुर में सात महीने का कार्यकाल रहा। वाराणसी और कानपुर के मंडलायुक्तों का भी तबादला किया गया है। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के सीईओ की भी अदला-बदली हुई है। जौनपुर के नए डीएम उमेश मिश्रा 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें 2024 में मुजफ्फरनगर का डीएम बनाया गया था। वहां उनका कार्यकाल 26 महीने का रहा। इससे पहले वे बिजनौर, अमरोहा और कुशीनगर में भी जिलाधिकारी के पद पर काम कर चुके हैं।

कारोबार/खेल

खिताबी मुकाबले में भारत के सामने पाकिस्तान की चुनौती

सैफ चैंपियनशिप

✡ टीम इंडिया की नजर 10वीं ट्रॉफी पर

भारत एकता टाइम्स/ ढाका



गत विजेता भारत की नजरें एक बार फिर सैफ चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर हैं। मंगलवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। भारत की कोशिश रिकॉर्ड 10वीं बार खिताब जीतने के साथ लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने की होगी। वहीं, पाकिस्तान की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और वह अपना ऐतिहासिक सफर खिताबी जीत के साथ खत्म करना चाहेगी। भारत ने अब तक सैफ चैंपियनशिप में रिकॉर्ड नौ बार खिताब जीता है। टीम ने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015, 2021 और 2023 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। खास बात यह है कि इस बार भारत दूसरे दर्जे की टीम के साथ टूर्नामेंट में उतरा है, इसके बावजूद वह खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट अब तक यादगार रहा है। टीम इससे पहले चार बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी, लेकिन कभी फाइनल में जगह नहीं बना सकी। साल 2018 में भी पाकिस्तान सेमीफाइनल तक पहुंचा था। इस बार उसने शनिवार को मेजबान बांग्लादेश को 1-0 से हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने फाइनल में पहुंचने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा चरित्र और जुझारूपन दिखाया है। मूसा ने कहा, 'रास्ते में हमें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन खिलाड़ियों ने धैर्य, जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा करने की मजबूत इच्छा दिखाई। हर मुकाबला सीखने और सुधार करने का मौका रहा है। अब हमारे सामने एक और अहम कदम उठाने की चुनौती है।' फाइनल मुकाबला ग्रुप बी में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच का दोहराव होगा। दोनों टीमें 5 नवंबर को आमने-सामने आई थीं, जिसमें भारत ने 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में सुहैल अहमद भट ने दो गोल किए थे, जबकि मैंगलेंथांग किपगेन ने एक गोल दागा था। भारत ने एक समय 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी। हालांकि, पाकिस्तान ने इंजरी टाइम में लगातार दो गोल करके मुकाबले को रोमांचक बना दिया था। इसके बावजूद भारतीय टीम जीत हासिल करने में सफल रही। इसके बाद पाकिस्तान ने मालदीव को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और फिर बांग्लादेश को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। नॉकआउट मुकाबलों से पहले पाकिस्तान की टीम में विदेशों में खेलने वाले कई खिलाड़ी भी शामिल हुए हैं, जिससे उसकी ताकत बढ़ी है। भारतीय कोच नौशाद मूसा का मानना है कि ग्रुप स्टेज के मुकाबले की तुलना में फाइनल में पाकिस्तान की टीम बिल्कुल अलग नजर आएगी। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि फाइनल मुकाबला काफी अलग होगा। ग्रुप स्टेज में जिस पाकिस्तान की टीम का हमने सामना किया था, उसकी तुलना में अब टीम में काफी बदलाव है। कुछ नए खिलाड़ी भी उसके साथ जुड़े हैं। पाकिस्तान ने हमारे पहले मुकाबले का विश्लेषण किया होगा और वह पूरी तैयारी तथा मजबूत इरादों के साथ मैदान पर उतरेगा।' उन्होंने आगे कहा कि भारतीय टीम का ध्यान अपनी रणनीति पर अमल करने, अनुशासन बनाए रखने और अहम मौकों पर सही फैसले लेने पर होगा। भारत ने सेमीफाइनल में भूटान को 2-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। इस मैच में विष्णु पीवी ने नौवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद कप्तान छिंगलेनसाना सिंह कोंशाम ने 27वें मिनट में दूसरा गोल दागकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे हाफ की शुरूआत में भूटान ने एक गोल जरूर किया।

मीरा एंड्रीवा ने जीता खिताब

भारत एकता टाइम्स/ इंडियन वेल्स



मीरा एंड्रीवा ने अपने पहले ही डब्ल्यूटीए फाइनल्स में एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। 19 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने 2026 का समापन 55 टूर-लेवल जीत और चार खिताबों के साथ किया। इससे पहले उन्होंने एडिलेड, लिन्ज और फ्रेंच ओपन में भी जीत हासिल की थी। 19 साल की उम्र में स्वितोलिना के खिलाफ 1 घंटे 48 मिनट में मिली इस जीत के साथ एंड्रीवा 2004 में मारिया शारापोवा के बाद सबसे कम उम्र की डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन बन गई हैं। अपने पहले ही टूर्नामेंट में बिना कोई सेट हारे जीत हासिल करना एंड्रीवा को एक खास क्लब में शामिल करता है। 1972 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में क्रिस एवर्ट ने ऐसा किया था और 2001 में सेरेना विलियम्स ने लगातार तीन मैचों में सीधे सेटों में जीत दर्ज की थी, जिसके बाद उन्हें वॉकओवर के जरिए खिताब मिला था। डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियन बनने पर एंड्रीवा ने कहा, खिलाड़ियों के इस खास समूह का हिस्सा बनना बहुत शानदार लग रहा है। मैं अपनी टीम की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। मेरे लिए लड़ने और मुझे वह सब कुछ करने के लिए मजबूर करने के लिए धन्यवाद, जो मेरे लिए जरूरी था। मीरा ने बिना कोई सेट हारे अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब जीता। इस जीत के साथ उन्होंने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी का स्थान हासिल कर लिया है, जिससे 2027 सीजन की शुरूआत में उनके नंबर 1 बनने की संभावना भी बढ़ गई है। मीरा एंड्रीवा ने स्वितोलिना को ग्रुप स्टेज में भी हराया था और फिर चैंपियनशिप मैच में भी जीत हासिल की। टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने ग्रुप स्टेज में पारिबास ओपन चैंपियन अरिना सबालेंका के खिलाफ एक शानदार जीत दर्ज की थी।

कीवियों के खिलाफ टेस्ट में होगी असली परीक्षा

टेस्ट सीरीज

✡ पहला मुकाबला 19 नवंबर से वेलिंगटन में खेला जाएगा

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



भारतीय टीम का प्रदर्शन टी20 के बाद वनडे सीरीज में भी शानदार रहा। भारतीय टीम ने वनडे सीरीज को 3-1 से अपने नाम किया। हालांकि, भारतीय टीम की असली परीक्षा अब क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट यानी टेस्ट में होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है जिसका पहला मुकाबला 19 नवंबर से वेलिंगटन में खेला जाएगा। भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली ये टेस्ट सीरीज काफी अहम है। भारत को अगर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखनी है तो उसे हर हाल में सीरीज अपने नाम करनी होगी। डब्ल्यूसीटी की अंक तालिका में भारतीय टीम फिलहाल चौथे स्थान पर है। वहीं, न्यूजीलैंड शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड की सरजमीं पर टीम इंडिया का टेस्ट रिकॉर्ड बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा है। न्यूजीलैंड में भारत ने अब तक कुल 25 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से टीम को सिर्फ पांच मैचों में जीत मिली है। वहीं, 10 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैचों का अंत ड्रॉ के रूप में हुआ है। भारतीय टीम को साल 2020 में न्यूजीलैंड के अपने आखिरी दौरे पर भी दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, 2024 में न्यूजीलैंड के हाथों भारत को अपने ही घर में 0-3 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी। तेज गेंदबाजों के अनुकूल न्यूजीलैंड की कंडीशंस में भारतीय बल्लेबाजों के लिए टेस्ट सीरीज में रन बनाना बड़ी चुनौती होगी। टीम की बल्लेबाजी का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान शुभमन गिल के कंधों पर होगा, जिसका साथ देने की जिम्मेदारी यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल जैसे बल्लेबाजों पर होगी। भारत के मौजूदा टेस्ट स्क्वॉड में काफी कम खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में खेलने का अनुभव है। हालांकि, भारत-ए की ओर से खेलते हुए जुरेल और पडिक्कल ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तेज गेंदबाजी की अगुआई जसप्रीत बुमराह करते हुए नजर आएंगे। बुमराह का साथ आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा देते हुए नजर आएंगे।

भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, गुरनूर बराड़।

दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश

✡ कगिसो रबाडा के नाम जुड़ा रिकॉर्ड

भारत एकता टाइम्स/ जोहानिसबर्ग



दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच द वांडरर्स स्टेडियम में सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट अपने नाम किए। रबाडा ने अपने इस स्पेल के दौरान खास उपलब्धि हासिल कर ली है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अब चौथे नंबर पर आ गए हैं। रबाडा ने इस मामले में पूर्व तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ा है। रबाडा तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अब कुल 606 विकेट चटका चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 602 विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलॉक के नाम दर्ज है, जिन्होंने अपने करियर में कुल 823 विकेट हासिल किए हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर 697 विकेट के साथ डेल स्टेन मौजूद हैं। वहीं, मखाया एनटिनी 661 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं। रबाडा ने टेस्ट क्रिकेट में 18वीं बार एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। इस मामले में उन्होंने मखाया एनटिनी के रिकॉर्ड की बराबरी की। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की तरफ से टेस्ट में सबसे ज्यादा बार एक पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड डेल स्टेन के नाम है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 26 बार यह कारनामा किया है। हालांकि, रबाडा के बेहतरीन स्पेल के बावजूद, बांग्लादेश पहले दिन का खेल खत्म होने तक काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम ने छह विकेट खोकर 327 रन बना लिए हैं। यह बांग्लादेश का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी है। तौहीद हृदोय और लिटन दास ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 206 रनों की साझेदारी निभाई। हृदोय ने 137 रनों की लाजवाब पारी खेली, जबकि लिटन 92 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

चांदी 11 महीने में सबसे सस्ती

✡ 1.70 लाख पर आई, 7749 दाम गिरे, सोना भी 838 घटकर 1.34 लाख पर आया

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



चांदी के दाम में आज बड़ी गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 1 किलो चांदी की कीमत 7,749 रुपए गिरकर 1.70 लाख रुपए पर आ गई है। चांदी के दाम 11 महीने बाद 1.70 लाख रुपए पर आए हैं। इससे पहले 1 दिसंबर 2025 को ?1.64 लाख रुपए थे। 2 दिसंबर 2025 को चांदी के रेट 1.73 लाख थे। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 838 गिरकर 1.34 लाख रुपए पर आ गए हैं। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 13 नवंबर को सोना 1.36 लाख रुपए और चांदी 1.78 लाख रुपए पर थी। इस महीने अब तक चांदी करीब 17,000 रुपए और सोना करीब 6,000 रुपए सस्ता हुआ है। 30 अक्टूबर को चांदी 1.86 लाख रुपए और सोना 1.40 लाख रुपए पर था। ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। खरीदारी की मात्राः दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है। लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। पुराना स्टॉक और खरीद मूल्यः ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे।

12.29% पर थोक महंगाई

✡ ईंधन और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बिगड़ा गणित

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



देश में थोक स्तर पर मूल्य वृद्धि की रफ्तार एक बार फिर तेज हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर बढ़कर 12.29 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पहले सितंबर महीने में यह दर 11.39 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इस ताजा बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह ईंधन और बिजली की कीमतों में आया तेज उछाल रहा है। इसके साथ ही मिनरल ऑयल, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बेसिक मेटल्स और केमिकल्स की बढ़ती लागत ने भी सूचकांक को ऊपर धकेलने में अहम भूमिका निभाई है। फ्यूल एंड पावर ग्रुपः इस समूह में महंगाई दर सितंबर के 25.85 प्रतिशत से उछलकर अक्तूबर में 32.84 प्रतिशत पर पहुंच गई। कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृति गैसः वैश्विक व घरेलू मूल्य दबाव के बीच इस खंड में मुद्रास्फीति दर 57.32 प्रतिशत से बढ़कर सीधे 70.80 प्रतिशत दर्ज की गई। मिनरल ऑयल्सः मिनरल ऑयल वर्ग में मुद्रास्फीति सितंबर के 40.02 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 45.57 प्रतिशत हो गई। बिजली दरेंः बिजली की कीमतों में भी तेज बदलाव दर्ज किया गया; सितंबर में जहां इसमें 0.43 प्रतिशत का संकुचन (माइनस ग्रोथ) था, वहीं अक्तूबर में यह बढ़कर 8.06 प्रतिशत पर पहुंच गई। प्राथमिक खाद्य वस्तुएंः अनप्रोसेस्ड खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.14 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 8.26 प्रतिशत रही। समग्र खाद्य सूचकांक प्राथमिक खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित खाद्य उत्पादों को मिलाकर बनने वाला विस्तृत खाद्य सूचकांक सितंबर के 8.66 प्रतिशत से थोड़ा घटकर 8.58 प्रतिशत पर आ गया। प्रोसेस्ड फूडः विनिर्मित खाद्य उत्पादों की महंगाई में मामूली नरमी देखी गई और यह 9.44 प्रतिशत से घटकर 9.24 प्रतिशत रही। औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र की कुल थोक महंगाई दर में मामूली राहत देखी गई। यह समूह सितंबर के 9.76 प्रतिशत से घटकर अक्तूबर में 9.54 प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, औद्योगिक कच्चे माल की कुछ श्रेणियों में लागत दबाव अब भी बना हुआ हैः बेसिक मेटल्स (बुनियादी धातुएं)ः इस क्षेत्र में महंगाई 16.96 प्रतिशत से बढ़कर 17.21 प्रतिशत दर्ज की गई।

शेयर बाजार में लौटी रौनक

✡ सेंसेक्स 512 अंक चढ़ा, निफ्टी 25250 पार

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों ने सोमवार को तेजी के साथ कारोबार किया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बढ़ी हुई खरीद ने बाजार को सहारा दिया। इसके साथ ही तेल कीमतों में गिरावट की उम्मीदों से भी बाजार को मजबूती मिली। यह तेजी शुक्रवार को अपनी जीत की लय तोड़ने के बाद आई है। सेंसेक्स 512.34 अंक यानी 0.62 फीसदी की वृद्धि के साथ 82,104.79 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 146.80 अंक यानी 0.58 फीसदी बढ़कर 25,291.10 पर पहुंच गया। आईटीसी और टाटा कंस जैसे शेयरों में 3 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। बाजार में क्षेत्रीय रुझान मिले-जुले रहे। पीएसयू बैंक, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग और सीमेंट शेयरों ने तेजी में सबसे आगे रहे। इन सेक्टरों में निवेशकों ने अच्छी खरीदारी की। दूसरी ओर, धातु और रियल्टी शेयरों को सबसे अधिक बिकवाली का दबाव झेलना पड़ा। तेल और गैस शेयरों में भी गिरावट के साथ कारोबार हुआ। आईटी, एफएमसीजी, फार्मा और निजी बैंकिंग शेयर मजबूत बने रहे। यह दशार्ता है कि बाजार में चुनिंदा खरीदारी हुई। बाजार में व्यापक मजबूती के बजाय कुछ खास सेक्टरों में ही निवेश देखा गया। निवेशकों ने सोच-समझकर कुछ क्षेत्रों में ही पैसा लगाया। वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। लंदन समय के अनुसार सुबह 8:30 बजे तक स्टॉक्स यूरोप 600 लगभग अपरिवर्तित रहा। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 0.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नैस्डैक 100 फ्यूचर्स भी 0.8 फीसदी गिरे। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स लगभग अपरिवर्तित रहे।

विभिन्न घाटों व सरोवरों पर व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य





भारत एकता टाइम्स/ नगरा, बलिया

सूर्य उपासना का महापर्व लोक आस्था छठ के चौथे दिन सोमवार को व्रतियों ने भगवान भास्कर के उदय होते ही अर्घ्य दिया और मनोवांछित फल की प्राप्ति की मंगल कामना के साथ सम्पन्न हो गया।

क्षेत्र के मलप ,भगमलपुर, इंडासो, नरही, पड़री,ताड़ीबड़ा गांव, जुड़नपर ,जहांगीरापुर,गांवों के साथ ही नगर पंचायत की व्रती महिलाओं ने कस्बे के पंचफेडवा घाट पोखरा,प्राचीन दुर्गा जी मंदिर घाट ,ठाकुर जी पोखरा,गुरु बाबा पोखरा ,सराय चावट पोखरा घाट,के अलावे गोठवा स्थित ढाला छठ पर उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। वहीं कई घरों पर भी महिलाओं ने छठ व्रत का पूजन-अर्चन किया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी छठ पर्व उल्लास-उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। छठ पर्व पर सुरक्षा के लिए विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने अपने सहयोगियों सहित विभिन्न घाटों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया।

उदयाचल सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

माहुल (आजमगढ़)। लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद समाप्त हुआ। माहुल नगर के सिद्धपीठ काली चौरा पोखरे पर अपने पुत्र और पति दीर्घायु की कामना के साथ पानी में खड़ी व्रती महिलाओं को कुहासा और बदली भी नहीं डिगा पाई।और तय समय से एक घंटे बाद जब भगवान भास्कर दिखे तब व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित किया। फिर ये अपने कुटुंब के साथ अपने अपने घर गई। इसी तरह क्षेत्र के बरामदपुर पुल के समीप मंजूषा नदी के तट पर समसल्लीपुर में ओंगरी नदी के तट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं ने अपना व्रत समाप्त किया।

भाजपा नेताओं ने की चाय की व्यवस्था बांटे प्रसाद

माहुल(आजमगढ़)। छठ पूजा पर्व पर सोमवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य दे रही व्रतियों के साथ ही साथ माहुल के सिद्धपीठ काली चौरा मंदिर परिसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा परिसर खचाखच भरा रहा। जिनके चाय और प्रसाद की व्यवस्था भाजपा पिछड़ा मोर्चा लालगंज के नव नियुक्त आई टी संयोजक सचिन मोदनवाल और दिलीप सिंह के नेतृत्व में हुई और बीजेपी के मंडल अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, हरिकेश गुप्ता, महगू प्रजापति आदि ने स्टाल लगा कर लोगों को चाय पिलाने के साथ ही साथ केला, सेव आदि का प्रसाद घर ले जाने के लिए दिया।

छठ घाटों पर डीएम और एसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान

महावीर घाट सहित विभिन्न घाटों पर देर रात से रहे





- भ्रमणशील, प्रातःकालीन अर्घ्य को सकुशल संपन्न कराया

भारत एकता टाइम्स/बलिया

छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा देर रात से ही विभिन्न छठ घाटों पर भ्रमणशील रहे। दोनों अधिकारियों ने थाना कोतवाली क्षेत्र के महावीर घाट सहित जनपद के अन्य घाटों पर पहुंचकर प्रातःकालीन अर्घ्य एवं पूजा-अर्चना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों एवं नदी क्षेत्र की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की भीड़, आवागमन तथा यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। छठ महापर्व के दौरान जनपद पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी रात विभिन्न घाटों पर मुस्तैद रहे। पुलिस प्रशासन की निगरानी में प्रातःकालीन अर्घ्य एवं पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराई गई।

योगी की पाती कॉफी टेबल बुक का विमोचन

मुख्यमंत्री ने किया प्रदर्शनी का वर्चुअल उद्घाटन

- बोले- अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन की जिम्मेदारी

भारत एकता टाइम्स/बलिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर 'योगी की पाती' कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। साथ ही इस संवाद यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'योगी की पाती' महज एक लेख अथवा सरकारी संदेश नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के साथ आत्मीय संवाद का माध्यम है। इसके जरिए युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, विद्यार्थियों और वंचित वर्गों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'योगी की पाती' के 50 संस्करणों को समाचार पत्रों और विजुअल मीडिया में स्थान देकर मीडिया संस्थानों ने इस संवाद को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शासन की



योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना जरूरी है, ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों और सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने वनटांगिया समुदाय का उदाहरण देते हुए कहा कि कभी इन परिवारों को नागरिकता और बुनियादी सुविधाओं तक से वंचित रहना पड़ता था। ब्रिटिश शासन के दौरान रेलवे लाइन बिछाने के लिए जंगलों की कटाई के बाद वन लगाने और उनकी सुरक्षा के लिए इन परिवारों को जंगलों में बसाया गया था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद भी उन्हें सामान्य नागरिकों जैसे अधिकार नहीं मिल सके। वर्ष 2017 में प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद वनटांगिया परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्राथमिकता से काम किया गया। आज प्रदेश की 54 वनटांगिया बस्तियों से जुड़े हजारों परिवारों को नागरिकता और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने मुसहर, थारू, गोंड, चेरो, कोल, बुक्सा और सहरिया जैसी जनजातियों एवं वंचित समुदायों की स्थिति में आए बदलाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में कोल समाज के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्हें सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी जोड़ा गया है। समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन देना शासन का दायित्व है। इन्सेफेलाइटिस पर नियंत्रण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कभी यह बीमारी बच्चों के लिए गंभीर संकट बनी हुई थी। हर साल बड़ी संख्या में बच्चे इसकी चपेट में आते थे और सैकड़ों की जान चली जाती थी। स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वच्छता की स्थिति भी बेहद खराब थी। प्रदेश सरकार ने इस बीमारी के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों की मृत्यु पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज

मंत्री ने दिखाई जागरूकता वाहनों को हरी झंडी

- सड़क सुरक्षा का संकल्प, परिवहन मंत्री ने खुद पहनाया बिना हेलमेट वालों को हेलमेट

भारत एकता टाइम्स/ बलिया

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। सेवा संकल्प अभियान (सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा) के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री ने सड़क सुरक्षा को लेकर अनूठी पहल करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों और पीछे बैठे सहयात्रियों को रोककर स्वयं सांकेतिक रूप से हेलमेट पहनाया। उन्होंने कहा कि



दोपहिया वाहन पर चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए सुरक्षा के नियमों को अपनी आदत में शामिल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "जीवन रहेगा, तभी सब कुछ रहेगा। हमारी पहली प्राथमिकता जीवन बचाना है। घर से निकलते समय जल्दी पहुंचने की होड़ न करें, क्योंकि जल्दी पहुंचने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप सुरक्षित अपने घर लौटें।" उन्होंने चेतावनी दी कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान करने के साथ ही आवश्यकतानुसार वाहन सीज भी किए जाएंगे।

आरुषी चौहान ने विज्ञान कांग्रेस ओलंपियाड परिक्षा में किया टाप

भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़

जनपद में शिक्षा की गुणवत्ताओं के साथ ही बच्चों के खेल एवं उनके सर्वांगीण विकास को तत्परता के साथ मुहिम देना शिक्षण जगत के लिए इन दोनों उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनपार शिक्षा क्षेत्र सठियांव मे प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक रामायन यादव,श्रीमती मधु,एस एम सी अध्यक्ष कल्पनाथ मौर्य के नेतृत्व में देखने को बखूबी मिल रहा है। खबर है कि जनपद में होने वाले राष्ट्रीय बाल विकास कांग्रेस के अंतर्गत आदर्श मौर्य, आरुषी चौहान ने आजमगढ़ जनपद सहित सठियांव ब्लॉक के सोनपार



विद्यालय का नाम रोशन किया। श्री यादव ने बताया कि हमारे विद्यालय के उक्त छात्र एवं छात्र जिन्होंने कई ऐसे परीक्षाओं को जनपद टॉप कर जिला मे प्रथम स्थान उक्त दोनों छात्र एवं छात्राओं ने किया। शिक्षा दीक्षा के परिवेश में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सहायक प्रधानाध्यापक रामायण यादव के अथक अतुलनीय सहयोग के साथ ही शिक्षा को केंद्र बिंदुओं को बखूबी तैयार करने का कार्य किया जैसे ही यह रिजल्ट आया कि यूपीएस सोनपार के उक्त दोनों छात्रों सहित गुरुजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है उपरोक्त छात्र अब जो प्रदेश स्टेट परीक्षा जिसका केंद्र बनारस में निर्धारित किया गया है। उक्त यह दोनों छात्र अपने शिक्षा के साथ-साथ वाराणसी में भी अगर प्रथम स्थान लाते हैं तो पूरे प्रदेश में आजमगढ़ जनपद के सठियांव ब्लॉक उत्तर प्रदेश में भी अपना परचम लहराये गया।

एएमयू छात्र संघ के सेक्रेटरी का माहुल में जोरदार स्वागत



माहुल (आजमगढ़)। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (अटव) के नवनिर्वाचित सेक्रेटरी हमदान आजमी और हुजैफा रशादी का सोमवार को माहुल पहुंचने पर अल्फलाह फाउंडेशन (ब्लड डोनेट ग्रुप)माहुल के सदस्य और फूलपुर पवई से राष्ट्रीय उलेमा कौंसिल के विधान सभा उम्मीदवार अबू शहमा माहुली के नेतृत्व में फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत किया गया। हमदान आजमी पूर्वांचल एक्सप्रेस के फुलवरिया अंडरपास से उतर कर वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे।उनके पहुंचते ही लोग आजमगढ़ की शान,हमारा हमदान के नारे लगाते हुए फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर अबू शाहमा माहुली ने कहा कि हमदान नेआजमगढ़ ज़िले का नाम ऊंचा किया हैऔर जिले का मान बढ़ाया, हमदान हम सबके गर्व हैं। अल फलाह उनके कारनामे की सराहना करती है। इस अवसर पर जैद माहुली, समीउल्लाह आजमी,मो आजम मो सहमा, राशिद आदि रहे।

संक्षिप्त समाचार



डीएम ने किया स्व-गणना अभियान का शुभारंभ

आजमगढ़। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना अभियान का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जनपदवासियों से स्वयं अपने परिवार की जनगणना करने तथा इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

लेन-देन के विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या

चितबड़ागांव (बलिया)। कस्बे में पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही चितबड़ागांव पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरही पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान आकाश पुत्र सलमू निवासी कस्बा चितबड़ागांव के रूप में हुई है। बताया गया है कि पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में आकाश और बॉबी पुत्रगण जवाहिर, निवासी कस्बा चितबड़ागांव ने युवक के पेट में चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बलिया भेज दिया। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त होने के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बिना हेलमेट और तीन सवारी पर पुलिस की सख्ती



दुबहड़ (बलिया)। यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से दुबहड़ थाना पुलिस ने जनेश्वर मिश्र सेतु स्थित बयासी पुल पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोपहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले तथा दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले लोगों को रोककर चेकिंग की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और निर्धारित संख्या में ही सवारी बैठाने की हिदायत दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। पुलिस द्वारा इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

आजमगढ़ में मकान की पहली मंजिल पर लगी आग



आजमगढ़। चौक स्थित खत्री टोला मोहल्ले में सोमवार दिन में एक मकान में आग लग गई। आग पहली मंजिल पर बने कमरे में लगी थी। घनी आबादी और संकरी गली के कारण दमकल की तीन गाड़ियां मकान तक नहीं पहुंच सकीं। उन्हें मुख्य सड़क पर खड़ा करना पड़ा। इसके बाद दमकल कर्मियों ने लंबी पाइप बिछाकर मकान तक पानी पहुंचाया और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड अधिकारी बनारसी दास ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी रोड स्थित खत्री टोला की एबीसी गली में राकेश कुमार अग्रवाल का पुराना मकान है। इसमें उनकी चाची अंजू अग्रवाल और चचेरा भाई आलोक रहते हैं। सोमवार को आलोक किसी काम से बलिया गया था। बुजुर्ग महिला मकान के निचले तल पर थीं। आग पहली मंजिल पर बने एक कमरे में लगी थी। कमरे में कपड़े और अन्य सामान रखा था। उस समय बिजली का कनेक्शन चालू था। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से कमरे में रखे सामान में आग लगी। समय पर जानकारी नहीं होने के कारण आग धीरे-धीरे फैल गई। बुजुर्ग महिला को आग का पता चला तो वह बाहर आईं और मोहल्ले के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। अधिकारी बनारसी दास ने बताया कि घनी आबादी और संकरी गलियों के कारण ऐसे मोहल्लों में आग लगने पर बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। दमकल की गाड़ियां मौके तक नहीं पहुंच पातीं, जिससे पानी पहुंचाने में समय लगता है। समय रहते सूचना मिलने और टीम के पहुंचने से आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोक लिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि घनी आबादी वाले मोहल्लों में रहने वाले लोग घरों में अग्निशमन यंत्र जरूर रखें। जिन भवनों में व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित होती हैं, वहां अग्निशमन उपकरणों के साथ पानी की पाइपलाइन की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

पृष्ठ 1 का शेष

जनगणना का दूसरा...

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना में किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटने का अर्थ है कि वह लंबे समय तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकता है। इसी तरह कहीं तीन स्कूल होने और कहीं कई किलोमीटर तक स्कूल न होने जैसी स्थितियां भी सही आंकड़ों के अभाव का परिणाम हैं। जनगणना से विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक जरूरत का आकलन किया जा सकेगा।

आधिकारिक पोर्टल पर...

जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से धर्म, जाति, शिक्षा, व्यवसाय, मातृभाषा और अन्य जनसांख्यिकीय पहलुओं से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। सीएम ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी को देखते हुए यहां जनगणना की विशेष जिम्मेदारी है।

कांग्रेस चुनाव आयोग...

पर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन फैसलों को मंजूरी दी थी? इसके अलावा ये नेता ये भी जानना चाहते हैं कि पूरे देश में एसआईआर पर शुरू करने के आयोग के फैसले की फाइल और तारीख क्या है? इसके साथ ही राहुल गांधी ने उच्चतम न्यायालय से एसआईआर की मंजूरी, मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाने और ऑनलाइन प्रणाली में बदलाव को लेकर उप निर्वाचन आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों को हलफनामे के जरिये जवाब दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने याचिका में यह भी पूछा है कि दोनों चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और एसएस संधू ने कितनी बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं हैं? इसके अलावा यह भी पूछा गया है कि क्या रक्फसे जुड़ा कोई फैसला बहुमत से लिया गया था, और किसने असहमति जताई थी?

सोशल मीडिया पर साझा...

सुप्रीम कोर्ट से सीईसी के साथ-साथ अन्य दो चुनाव आयुक्तों और आईटी महानिदेशक से सवाल पूछने की अनुमति मांगी है। ये सवाल एसआईआर पर में हुई उन भारी खामियों के बारे में हैं, जिसके चलते 'वोट चोरी' का रास्ता खोला गया। चुनाव आयोग को 48 सवालों की एक सूची सौंपी गई है, जिनका जवाब उन्हें देना होगा।"

शपथ-पत्र के जरिए जवाब मांगा...

सूची से कथित तौर पर हटाए जाने और आयोग के ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण सिस्टम में किए गए बदलावों जैसे विशिष्ट मुद्दों पर जवाब मांगा गया है। अर्जी में यह सवाल उठाया गया है कि क्या देशभर में 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) से जुड़े फैसले वास्तव में चुनाव आयोग ने एक सामूहिक निकाय के रूप में लिए थे, या फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार ने अन्य चुनाव आयुक्तों की जानकारी, मंजूरी या सहमति के बिना ही आयोग की शक्तियों का इस्तेमाल कर लिया।

सोनिया गांधी की किताब...

भारत में नामकरण परंपरा के बारे में पता नहीं था। इंदिरा जी पंडित बुलाकर नाम रखना चाहती थीं। मैं कह रही थी कि हमारे बच्चे का नाम रखना है तो इसके लिए पंडित क्यों जरूरी है? उन्होंने कहा, बिलॉन्गिंग दूसरे देश से आकर यहां से जुड़ने के लिए की गई कड़ी मेहनत का नाम है। कार्यक्रम में राहुल-प्रियंका के साथ कांग्रेस शासित राज्यों हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरलम और कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। पहली लाइन में अखिलेश-डिंपल, राहुल तमिलनाडु सीएम विजय के साथ बैठे हैं। सोनिया की किताब 10 नवंबर को ही बाजार में आ चुकी है।

सोनिया ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आगे आकर राजनीति जॉइन करनी चाहिए। वे हमारे देश का भविष्य हैं। उन्हें अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। सोनिया गांधी ने राजीव के जाने के बाद राजनीति के शुरूआती दिनों के बारे में बताया कि मुझसे कहा जाता था कि आप यहां की नहीं हैं, आपको कुछ नहीं पता। हम यहां रहते हैं, हम जानते हैं। 2004 में जब मैं काफी वोटों से चुनाव जीती, तब जाकर लोगों की राय बदली।

सोनिया बोलीं- मैं बहुत...

लेकिन फिर, धीरे-धीरे, राहुल और प्रियंका दोनों के और मेरी एक प्यारी दोस्त मंजुलिका दुबे के जोर देने पर, मैं किताब लिखने के लिए मान गई। इसका एक कारण यह है कि हमारे बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा है। इसमें से ज्यादातर बातें बिल्कुल झूठी हैं और इसका हमारी असलियत से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे लगा कि यह अपनी भावनाओं को जाहिर करने और अपने परिवार के बारे में जो मैं जानती हूं। उसे शेयर करने का एक तरीका होगा। लोग मेरी कहानी सुनने के लिए भी तैयार होंगे।

मुश्किल समय में...

मेरे पति की हत्या हुई, जो बहुत मुश्किल पल थे। क्योंकि जो हुआ उससे मैं बहुत शॉक्ड, हैरान और दुखी थी। कुछ बहुत आसान पल भी थे, जैसे जब मैं अपने पति से मिली, जब मैंने उन्हें पहली बार देखा। और फिर, जाहिर है, मेरे बच्चों का जन्म।

सीआरपीएफ पर...

ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। करीब 3 घंटे चली मुड़भेड़ के बाद इन्हें मार गिराया।

यूपी चुनाव से पहले...

तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि सवाल यह है कि क्या जांच के नाम पर जनता और सुप्रीम कोर्ट दोनों को गुमराह किया गया? उन्होंने कहा, "यह साफ है कि दो एसआईटी बनाई गईं- एक जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए और दूसरी कोर्ट की आंखों में।"

एसआईआर से भाजपा...

के लिए संगठनात्मक स्तर पर जवाबदेही तय करने की मांग की है। विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के लिए भाजपा ने उत्तर प्रदेश के सभी छह संगठनात्मक क्षेत्रों में दूसरे राज्यों के अनुभवी संगठन मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के संगठन महामंत्री एन. मधुकर को काशी क्षेत्र, मध्य प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर को गोरखपुर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ के संगठन महामंत्री करमवीर को अवध क्षेत्र और झारखंड के संगठन महामंत्री पवन साय को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

ईडी की रिमांड अर्जी...

फैसलों की जानकारी होने से भी इनकार करते रहे। शत्रु संपत्ति पर कब्जे के आरोपों को भी आजम खां ने नकार दिया। उन्होंने इसके लिए रामपुर के जिला प्रशासन को जिम्मेदार बताया। रविवार को भी ईडी के अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की थी। इस दौरान आजम खां ने खुद को पीड़ित बताते हुए पूरी कार्रवाई को राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा किया डाला छठ का अनुष्ठान









डाला छठ

✡ महापर्व डाला छठ सम्पन्न

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उपासना के पर्व डाला छठ पर सूर्यदेव के अर्घ्य देने के लिए भोर से ही व्रती महिलाओं के गंगाघाटों पर जाने का सिलसिला शुरू हो गया। व्रती महिलाएं छठ मैया के गीत गाते हुए घाटों पर पहुंची। पुत्र की प्राप्ति और उनकी सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रती महिलाओं ने सोमवार की की भोर में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर नगर अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर पर्व की खुशियों में सहभागिता की। छठ महापर्व के दूसरे दिन प्रातःकाल दोनों ने नाव से भ्रमण के दौरान ही कलेक्टर घाट पर पहुंचकर उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। भगवान सूर्यदेव से नगरवासियों के सुख-समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर भ्रमण के दौरान सभासद श्री अशोक मौर्य, श्रीमती मीनू मौर्य, श्री अजय कुशवाहा, परवेज अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। जमानियां संवाददाता के अनुसार सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व डाला छठ सम्पन्न हुआ ।

व्रती महिलाओं ने परिवार की सुख, शांति व समृद्धि की मंगलकामना के लिए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय महापूजा का समापन किया। स्थानीय क्षेत्र के चक्कबाँध, बड़ेसर, बलुआ घाट, सतुआनी घाट, हरपुर घाट सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से छठी माता की पूजा-अर्चना की। सोमवार की भोर से ही व्रती महिलाएं घाटों पर पहुंच गईं और घंटों गंगा में खड़े होकर सूर्योदय का इंतजार करती रहीं। भगवान सूर्य के दर्शन होते ही श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया।

कोहरे की चादर में छिपे रहे भास्कर, श्रद्धा से व्रतियों ने चढ़ाया अर्घ्य

मऊ। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच सोमवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ठंड भी व्रती महिलाओं के संकल्प और श्रद्धा को डिगा नहीं सकी। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। सुबह घने कोहरे के कारण भगवान भास्कर के दर्शन नहीं हो सके, लेकिन व्रती महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। छठ पर्व के अंतिम दिन सोमवार की भोर करीब तीन बजे से ही नगर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गायघाट, विसर्जन घाट, मडैया घाट, हनुमान घाट, बमघाट और रामघाट सहित अन्य घाटों पर देखते ही देखते भक्तों की भारी भीड़ जुट गई। ठंड के बावजूद महिलाएं सिर पर पूजन सामग्री से भरे दउरा और हाथों में सूप लेकर घाटों तक पहुंचती रहीं। घाटों पर छठी मइया के पारंपरिक गीत और जयकारे गूंजते रहे। व्रती महिलाएं पानी में खडे होकर भगवान सूर्य के उदय होने की प्रतीक्षा करती रहीं। हालांकि घने कोहरे की चादर के चलते सूर्यदेव के स्पष्ट दर्शन नहीं हो पाए।

सड़क हादसों में तीन की मौत

✡ तीन दिन पहले घर लौटा था विश्वजीत, मां के सामने उजड़ गई दुनिया

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर

मरदह थाना क्षेत्र के महेगवा गांव के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर भोर में सड़क हादसा हो गया। किसी व्यक्ति की तलाश में निकले बाइक सवार दो युवकों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पहाड़ीपुर निवासी विश्वजीत कुमार उर्फ गोलू की मौत हो गई, जबकि महेगवा निवासी शोभनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि विश्वजीत अपने ननिहाल में तिलक समारोह में शामिल होने आया था। तीन दिन पहले ही वह घर लौटा था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में खुशियों का माहौल था, वहां चीख-पुकार और मातम



पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया।

मारुति के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

सैदपुर (गाजीपुर) । खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना बाजार तिराहे पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार मारुति कार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वाराणसी के मच्छोदरी निवासी नारायण साहनी (30)की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी गौतम यादव घायल हो गए। घायल युवक को उपचार के लिए वाराणसी भेज दिया। बताया जाता है कि गौतम यादव की खरौना गांव में रिश्तेदारी है। दोनों शादी का निमंत्रण देने आए थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।सूचना पर सिधौना चौकी प्रभारी सुधीर राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत



नंदगंज (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के अगस्ता सरहद पर रविवार की रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी । सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया । अगस्ता सलामतपुर गांव निवासी सन्तोष कश्यप ने तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा भाई मोनू कश्यप (33) रविवार को अगस्ता चट्टी से दुकान बंद कर रात में बाइक से घर जा रहा था कि फतेउल्लाहपुर बरहट मार्ग पर अगस्ता सरहद के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गयी । घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भाग गया । इसकी सूचना सुबह राहगीरो ने दी कि एक युवक सड़क के किनारे मृत अवस्था में पड़ा है । थानाध्यक्ष अतुल कुमार ने कहा कि मृतक के बड़े भाई सन्तोष की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वाहन की तलाश की जा रही है ।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रचार-प्रसार वाहनों को एएसपी ने दिखाई हरी झण्डी

भारत एकता टाइम्स/ मऊ

परिवहन आयुक्त, के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाना है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन परिवहन कार्यालय में किया गया जिसके मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर आगे बढ़ने के लिए रवाना किया गया तथा उनके द्वारा आयोजन को सम्बोधित करते हुए उपस्थित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं बस, ट्रक, आटो, ई-रिक्शा के यूनियन अध्यक्ष, पदाधिकारीगण को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजन में सहायक सम्भागीय परिवहन



अधिकारी सुहेल अहमद, प्रवर्तन पर्यवेक्षक जन्मेजय यादव तथा डीबीए करूणानिधि राय एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

दहेज हत्या मामले में 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र के आदेश के अनुपालन में थाना क्षेत्रान्तर्गत अपराध की रोकथाम एव अपराधियों एंव वांछित की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येन्द्र भूषण तिवारी द्वारा दिये गये हुकुम तहरीरी के क्रम में अ0सं0 465/26 धारा 85,80 (2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित उमाशंकर गुप्ता और अमन गुप्ता निवासी बड़ागांव भरौटी थाना कोतवाली घोसी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड हेतु न्यायालय भेजा जा रहा है।

दौड़ प्रतियोगिता में भोला यादव ने मारी बाजी, गोलू द्वितीय



बिरनो (गाजीपुर)। भड़सर ग्राउंड में सोमवार को युवा शक्ति दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के अनेक धावकों ने प्रतिभाग किया। 1600 मीटर की दौड़ में भोला यादव प्रथम, गोलू यादव द्वितीय और बृजेश यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम विजेता भोला यादव को साइकिल पुरस्कार प्रदान की गई इस अवसर पर जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता रमेश सिंह पप्पू ने कहा कि क्षेत्र में खेल मैदानों की कमी है। युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए जल्द ही मिनी स्टेडियम बनवाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में रानू सिंह, दीपक शाह, शैलेंद्र यादव, विनोद राजभर, विपुल यादव, सोनू राजभर, गोकुल यादव, राजेश चौहान और कौशल्या यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

झोपड़ी में लगी आग ने छीना गरीब का आशियाना

भांवरकोल (गाजीपुर)। क्षेत्र के सेमरा शेरपुर कला स्थित विस्थापित हरिजन बस्ती में अचानक लगी आग ने एक गरीब परिवार की पूरी गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया। इस अग्निकांड में पीड़ित का सब कुछ स्वाहा हो गया है। जानकारी के अनुसार सेमरा शेरपुर कला की विस्थापित हरिजन बस्ती निवासी लल्लन राम के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते और आग पर काबू पाने का प्रयास करते, तब तक लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर के भीतर रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया स्थानीय लेखपाल को बुलाकर आकलन कर उचित कार्रवाई किया जा रहा है।

अनिल कुमार सिंह बने भदोही के डीएम

भदोही। उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार देर रात बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत भदोही के जिलाधिकारी का तबादला कर दिया है। सहकारिता विभाग में अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) के पद पर तैनात रहे अनिल कुमार सिंह को भदोही का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार, अनिल कुमार सिंह जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभालने के साथ ही भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। वहीं, भदोही के जिलाधिकारी रहे शैलेष कुमार का स्थानांतरण चंदौली जनपद में कर दिया गया है। उन्हें चंदौली का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

नेशनल और कुशियरा फीडर की बिजली तीन घंटे रहेगी बाधित

भदोही। सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत पोल शिफ्टिंग का कार्य कराए जाने के चलते मंगलवार 17 नवंबर को भदोही उपकेंद्र से संचालित नेशनल और कुशियरा फीडर की विद्युत आपूर्ति तीन घंटे बाधित रहेगी। उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खंड भदोही एस पी पटेल ने बताया कि दोनों फीडरों पर पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। इसके चलते दोपहर 12 बजे से शाम तीन बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटाने की अपील की है। साथ ही बिजली आपूर्ति बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना

भदोही। भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में सोमवार को 'जनगणना 2027'को सफल बनाने के उद्देश्य से ज्ञानपुर में साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल मैन भदोही अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में निकली रैली को मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला व अधिशासी अधिकारी ज्ञानपुर दया शंकर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान साइकिल सवारों ने विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नागरिकों को जनगणना में भागीदारी के लिए जागरूक किया। इस दौरान हमारी गणना हमारा सम्मान, जन-जन की भागीदारी, विकसित भारत की तैयारी जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा। सीडीओ ने नागरिकों से 30 नवंबर तक स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। रैली ज्ञानपुर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए मुखर्जी पार्क पहुंचकर संपन्न हुई।

मदरसे के अरबी तालीम हासिल करने वाले बच्चों के लिए अनोखी पहल

1000 से अधिक बच्चों लिया भाग

✡ एम.ए.ए. फाउंडेशन का आयोजन

भारत एकता टाइम्स/मऊ

जनपद मऊ में शिक्षा और बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक खास और ऐतिहासिक पहल करते हुए एमएए फाउंडेशन की ओर से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि मऊ में पहली बार विशेष रूप से मदरसों में अरबी की तालीम हासिल कर रहे बच्चों और बच्चियों के लिए इस तरह का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें केवल मदरसों के अरबी पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेकर अपनी इल्मी काबिलियत, मेहनत और शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में बच्चों की भागीदारी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। एमएए फाउंडेशन के



चेयरमैन जमाल अख्तर अर्पण ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों, मदरसों के जिम्मेदारों, और अभिभावकों का दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मऊ में पहली बार मदरसों के अरबी पढ़ने वाले बच्चों और बच्चियों के लिए इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करना फाउंडेशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एक हजार से अधिक बच्चों की भागीदारी ने हमारे हौसले को और मजबूत किया है। हमारा मकसद सिर्फ प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करना है।

प्रवीण तोगड़िया सात जनवरी को आयेंगे

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक कैंप कार्यालय बीकापुर में हुआ।जिसमें डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया का सम्भावित प्रवास को लेकर के चचाएं हुई।बैठक में संगठन मंत्री संजय दुबे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सभी ब्लॉक इकाई तहसील इकाई तथा पदाधिकारियों से अपील किया के डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया के संभावित कार्यक्रम को सफल बनाएं,और संगठन को मजबूती प्रदान करें।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ प्रवीण तोगड़िया के कार्यक्रम को लेकर के काशी प्रांत के प्रांतीय मंत्री दुर्गेश श्रीवास्तव कहा कि 7 जनवरी को डॉ0प्रवीण तोगड़िया का प्रवास गाजीपुर संभावित है,और 8.1.2027 को सुबह से तहसीलों के नगर पंचायत क्षेत्र में सभा आयोजित किया जाएगा ।जिसमें हिंदू रक्षा निधि व हिंदुओं को एकता के सूत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे। प्रांतीय मंत्री द्वारा जनपद की इकाई व तहसील इकाई की घोषणा की गई,जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल



जिलाध्यक्ष कन्हैया उपाध्याय,जिला मंत्री संदीप अग्रहरि,उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष कुश सिंह को मनोनीत किया गया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री के लिए अभिषेक सिंह,जिला उपाध्यक्ष राज पांडे,को मनोनीत किया गया,इसी प्रकार तहसील अध्यक्ष मोहम्मदाबाद के लिए अशोक कुमार व मंत्री राम प्रधान को मनोनीत किया गया, जमानिया के तहसील अध्यक्ष कुश सिंह व मंत्री शिव शंकर शर्मा को मनोनीत किया गया,व जखनियां तहसील के दीपक पांडे को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया सभी मनोनीत पदाधिकारियों को गोपनीता का शपथ संगठन मंत्री संजय दुबे ने दिलाया ।बैठक में संजय श्रीवास्तव,नीतीश पांडे,नित्यानंद पांडेय,आशुतोष पांडेय,रमेश कुमार गुप्ता,अमित केसरी,प्रदीप गुप्ता,गोपाल,रोहित यादव,प्रिंस सिंह, आशुतोष सिंह,वीरेंद्र कुमार राम, अभी पांडेय,नीतीश पांडेय,रतन पांडेय, दीपक पांडेय,शिव शंकर,अविनाश कुमार,आदि लोग उपस्थित रहे।

स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ



✡ स्व-गणना अभियान में शामिल विधायक जाहिद बेग और डॉ. आरके पटेल

भारत एकता टाइम्स/ भदोही

भारतीय जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को जनपद में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। भदोही नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी दयाशंकर वर्मा ने भदोही विधायक जाहिद बेग और मड़ियाहूं विधायक डॉ. आरके पटेल की



स्व-गणना कराई। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक परिवार को इसमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निर्धारित समय में विवरण दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्व-गणना की डिजिटल सुविधा से नागरिकों को काफी सहूलियत मिलेगी। सभी लोग जागरूक होकर इस राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं विधायक डॉ. आरके पटेल ने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक सही जानकारी दर्ज कराकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करे। अधिकारियों ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से नागरिक अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।



छठ महापर्व पर भक्तिमय राजपुरा कॉलोनी का माहौल

भदोही। नगर सहित पूरे जनपद में छठ महापर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजपुरा कॉलोनी स्थित श्री भदोही छठ पूजा समिति की ओर से फेस-2 भदोही में छठ पूजा महापर्व का भव्य आयोजन किया गया। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन में समिति के अध्यक्ष संतोष उर्फ देवा जायसवाल एवं उपाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं अरविंद कुशवाहा, नितिन श्रीवास्तव, दीपक यादव, राजीव बरनवाल, आनंद यादव, कमलेश दविश, दिनेश दविश, मिश्नोहर मिशाल, राहुल राम, राहुल सिंह, कमलेश मिशाल, शिवकुमार बरनवाल एवं दिव्यांग श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकताओं ने व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। पूजन-अर्चन में निश्चिंत देवी, कांति देवी, राधाकृष्ण देवी, ओनी देवी, नीता सिंह एवं विंदिन सिंह सहित अन्य व्रती महिलाएं शामिल रहीं। श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ आयोजित इस पर्व ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

विंध्याचल मंडल के पूर्व अपर आयुक्त आशीष मिश्रा का हार्ट अटैक से निधन



भदोही। भदोही के पूर्व उपजिलाधिकारी एवं विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त (न्यायिक) पद से सेवानिवृत्त आशीष मिश्रा का बीती रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही भदोही सहित परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। आशीष मिश्रा अपने सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। भदोही में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपनी कार्यशैली, व्यवहार और आम लोगों से आत्मीय संबंधों के चलते अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन की खबर से क्षेत्र के लोगों और उनसे जुड़े लोगों में गहरा दुःख व्याप्त है। लोगों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भागों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी

मऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भागों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। निर्धारित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भागों का आलेख्य प्रकाशन 17 नवम्बर को किया जाएगा। इसके उपरांत रिकॉर्ड अधिकारियों, कमांडिंग अधिकारियों संबंधित प्राधिकारियों द्वारा प्रपत्र प्राप्त करने, उनके सत्यापन एवं स्कैनिंग तथा ग्डस् फाइल तैयार करने और हस्ताक्षरित एवं सत्यापित प्रपत्रों सहित ग्डस् फाइल अपलोड करने की कार्यवाही 17 नवम्बर, 2026 से 16 दिसम्बर, 2026 तक की जाएगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित एवं सत्यापित प्रपत्रों तथा ग्डस् फाइलों का निस्तारण करने के साथ ही अपूर्ण प्रपत्रों ग्डस् फाइलों को वापस करने की कार्यवाही 28 दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण की जाएगी। इसके पश्चात निर्वाचक नामावलियों के अंतिम भागों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी, 2027 को किया जाएगा। अतः संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित समस्त कार्यवाही समयबद्ध एवं नियमानुसार सुनिश्चित करें।

छठ पर गंगा में भक्ति की डुबकी सुरुजदेव को आस्था का अर्घ्य



घाटों, सरोवरों और कुंडों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, सुहागिनों ने व्रती महिलाओं से भरवाई मांग, लिया आशीर्वाद

✡ नहाय खाय के साथ शुरू हुआ महापर्व का उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ समापन

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

शीतली बयरिया शीतल दूजे पनीया कब देव देवता तू आहे दर्शनिया.. की धुन राजघाट से अस्सी तक वातावरण में गूंज रही थी। गंगा घाट, कुंड और तालाबों में तीन बजे से ही पानी में खड़े होकर महिलाओं ने भगवान सूर्य के उदय होने का इंतजार शुरू कर दिया। तीन घंटे से अधिक देरी की तपस्या के बाद गंगा में भक्ति की डुबकी लगाकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सोमवार की भोर में 3 बजे से ही श्रद्धालुओं ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी शुरू कर दी। घरों से दीप जलाकर श्रद्धालुओं का रेला घाट और कुंड की ओर बढ़ चाला। साढ़े तीन बजते ही व्रती महिलाएं जल में उतरकर खड़ी हो गई। रात भर घाट और कुंडों पर जागकर सूर्योदय का इंतजार करने वाले श्रद्धालु भगवान सूर्य से जल्द से जल्द उगने की प्रार्थना करने भगवान सूर्य से ज लगे। करीब तीन घंटे के इंतजार के बाद पूरब दिशा में जैसे ही हल्की लालिमा नजर आई, घाट पर हर-हर महादेव के साथ ही घंटा, घड़ियाल और शंखनाद शुरू हो गया। जगह-जगह बज रहे छठ के गीत पूरे माहौल में भक्ति का संचार कर रहे थे। कहीं जोड़े-जोड़े सूपवा आदित देव, घटवा पे तीवई चढ़ावेले हो तो कहीं जल बीच खाड़ होई दर्शन ला असरा लगावेली हो... के साथ ही उग हो सुरुज देव भइले भिनसरवा अरघ के रे बेरवा, पूजन के रे बेरवा हो.. बरती पुकारे देव दूनो कर जोड़वा, अरघ के रे बेरवा, पूजन के रे बेरवा हो.. के जरिये श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य की अगवानी की। काशी के 84 घाट 63 कुंड और तालाबों पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने 36 घंटे का कठिन व्रत पूरा किया। ब्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और आतिशबाजी का आनंद भी लिया। महिलाओं ने व्रत के समापन के बाद बड़ों का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। राजघाट, मणिकर्णिका, दशाश्वमेध, तुलसी और अस्सी घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ सबसे अधिक रही।

खरना की खीर से किया व्रत का पारण- उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती महिलाओं ने घर पहुंचकर व्रत का पारण किया। खरना की खीर ग्रहण की और शर्बत पीया। पूजा खत्म होने के साथ ही छठ माई का प्रसाद घर और परिजनों को बांटा गया।





सिंदूर लगवाने, अर्घ्य देने और प्रसाद लेने की रही होड़

भगवान सूर्य की उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य देने के लिए लोगों में होड़ सी मची रही। अर्थ्य के बाद सिंदूर और लेपन का टीका लगवाने के साथ ही लोग प्रसाद लेने के लिए भी कतारबद्ध होकर खड़े थे। जो लोग घाट पर नहीं पहुंचे थे, उन्होंने अपने- अपने घरों की छत पर ही पूजन किया।



कालोनियों में दिखा उत्साह, दिया अर्घ्य

चंद्रा रेजिडेंसी हुकुलगंज में छठ पर्व उल्लास पूर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमे विशेष भूमिका अर्चना तिवारी-जगदीश तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चन किया। जिसमे सोसायटी की महिलाओ में मीरा सिंह, नगीना तिवारी, रीना जैसवाल, पूनम जैन, पिंकी , मीनू, गुंजन, रश्मी, नीना, मानसी के साथ पुरुषों ने सूर्य उपासना में सहभागिता निभाइ, जिसमे सर्वजीत तिवारी, एल. के. शर्मा, विपुल श्रीवास्तव, अश्वनी, चन्द्रमा, संजय एवं अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सचिव रणनजय सिंह ने सूर्य देव को अर्घ दिया। दूसरी तरफ, बडालालपुर के खुशहालनगर सेक्टर ए में सूयोर्पासना का महापर्व डालाछठ बड़े हर्षोल्लास धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया।नगर निगम के द्वारा करीब 120 फिट लम्बे 25 फिट चौड़े और पांच फिट गहरे बड़े सूर्य सरोवर का पक्का निर्माण कराया गया जिसके लिया कालोनी वालों के साथ स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि ज्ञानचंद पटेल की अहम भूमिका रही। इस आयोजन को शांतिपूर्ण ढग से सम्पन्न कराने में रघुवीर सिंह (अध्यक्ष वीडीए कालोनी), यशवंत सिंह, जनार्दन सिंह, रितेश श्रीवास्तव, लालबहादुर सिंह, अनिल सिंह, कुलवंत सिंह, कामेश्वर सिंह इत्यादि लोग सहयोग मे उपस्थित रहे।

नमो घाट से पंचगंगा तक आस्था की अनोखी छटा



आस्था, संयम और श्रद्धा का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार की भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। सुबह सूर्योदय से पहले ही शहर के गंगा घाटों पर व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी थी। नमो घाट, राजघाट, प्रह्लाद घाट, रानी घाट, सक्का घाट, बुंदीपरकोटा घाट, गाय घाट, सिंधिया घाट और पंचगंगा घाट सहित शहर अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालु परिवारों के साथ पहुंचे थे। गंगा तट पर सजाई गई पूजा की टोकरी, केले, नारियल, ठेकुआ, खरना का प्रसाद और दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पांडेयपुर की व्रती किरण देवी, लंका की रमा सिंह और लहरतारा की कुसुम पांडेय ने नमो घाट पर परिवार के साथ छठ पूजन किया।

सूर्य सरोवर पर उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

बरेका के सूर्यसरोवर पर श्रद्धालुओं ने छठ पूजनोत्सव के अंतिम दिन उदयनाथी सूर्य को अर्घ्ये अर्पित कर व्रत का पारण किया। बरेका छठ पूजा समिति के अध्यक्ष और महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया।





महिलाओं ने समूह बनाकर किया पूजन



डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर रविवार शाम अपने घरों को लौटी महिलाएं सोमवार तड़के ही धुंध के बीच गर्म कपड़ों के साथ गंगा नदी के तटों पर पहुंची। अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट, राजेंद्र प्रसाद घाट, राजघाट, वरुणा पार शास्त्री घाट समेत कॉलोनियों के पार्क तीन बजे भोर से ही खचाखच भर चुके थे। रात भर जगी महिलाएं घाट किनारे अपने वेदी के नजदीक बने जलाशय में जा उतरीं। कई घाटों पर अर्घ्य के लिए मारामारी मची। कइयों ने समूह में अर्घ्य दिया। सुबह सात बजे तक घाटों पर छठ का दीया जलाकर वेदी पर मौसमी फल और पकवान चढ़ाए।

शारीरिक शिक्षा और योग पुस्तक का विमोचन



वाराणसी। माँ के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति के रूप में डॉ० संतोष यदुवंशी और डॉ० संगीता यदुवंशी द्वारा लिखित पुस्तक ह्यशारीरिक शिक्षा एवं योगह्ल का विमोचन किया गया। यह पुस्तक लेखिका ने अपनी स्वर्गीय माता सत्यभामा यादव की स्मृति को समर्पित की है। विशेष बात यह रही कि माँ को समर्पित इस पुस्तक का विमोचन उनके पिता मंशा राम यादव (एडवोकेट) के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके वकील सहकर्मी श्री उदय नारायण सिंह, सुरेंद्र चंद्र, रामेश्वर राय, धर्मेंद्र पांडेय, विकास राय, कु० सुनीता एवं कु० किरण यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रथम लेखिका डॉ. संतोष यदुवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.एससी. एवं बी.कॉम. सहित सभी संकायों के छात्र-छात्राओं के लिए 'शारीरिक शिक्षा एवं योग' को सह-पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है। यह पाठ्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए

गंगा घाटों पर जलभराव और गंदगी देख भड़के नगर आयुक्त

निरीक्षण

✡ नमो घाट, राजघाट और भैंसासुर घाट का अधिकारियों संग लिया जायजा

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस क्रम में सोमवार नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने सुबह में शहर के प्रमुख घाटों नमो घाट, राजघाट एवं भैंसासुर घाट का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी घाटों पर नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि घाटों व उनके आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी कूड़ा-करकट, गंदगी या जलभराव की स्थिति बिल्कुल न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाए और



लगातार सफाई अभियान चलाया जाए। नगर आयुक्त ने बल देते हुए कहा कि कूड़े का तत्काल उठान और निस्तारण कराया जाए, जिससे घाटों पर आने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि महापर्व के समापन तक सभी घाटों पर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखी जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर रहकर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाए रखे। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह, मुख्य अभियंता सिविल सुरेश चंद्र, जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता कमल सिंह सहित संबंधित जोनल स्वच्छता अधिकारी और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांसद प्रिया सरोज शादी में पहनेंगी बनारसी साड़ी

वाराणसी। सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रिया ने सोमवार को मां मुन्नी देवी और बहन प्रीति के साथ वाराणसी के गोदौलिया मार्केट पहुंचकर शॉपिंग की। प्रिया ने फेरों और शादी की रस्मों में पहनने के लिए एक बनारसी लहंगा और कुछ डिजाइनर साड़ियां खरीदीं। उन्होंने रिश्तेदारों और मेहमानों को भेंट करने के लिए 100 से अधिक बनारसी जरी और गोटे की साड़ियां भी खरीदी हैं। प्रिया ने बताया- शादी में पहनने के लिए मैंने दिल्ली की मशहूर फैशन डिजाइनर 'मारवाह कुटीर' से अपना फेवरेट लहंगा खरीदा है, जिसे राजस्थानी फैशन डिजाइनर ने तैयार किया है। रिंकू सिंह और प्रिया सरोज 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में शादी के बंधन में बंधेंगे। रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी निमंत्रण कार्ड दिया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और सुप्रिया सुले समेत लोकसभा-राज्यसभा के 94 सांसदों को निमंत्रण भेजा गया है। रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी निमंत्रण कार्ड दिया गया है।

छठ पर किसी की दूर हुई बीमारी तो किसी के घर गूंजी किलकारी

आस्था अपार

✡ मयूरी की आठ साल बाद सूनी गोद छठ से भरी, संतोष कुमार गंभीर बीमारी से ठीक होकर अर्घ्य देने पहुंचे

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पर सिर्फ पूजन ही नहीं हुआ, बल्कि अटूट विश्वास और मन्नतों के पूरे होने की अनगिनत कहानियां भी जीवंत हो उठीं। छठ मइया की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं ने बताया कि सच्चे मन से की गई आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती। किसी की बरसों से सूनी गोद भर गई, तो कोई गंभीर बीमारी के संकट से बाहर निकल आया। असि घाट पर परिवार संग अर्घ्य देने पहुंचीं सिगरा की मयूरी की आंखें खुशी से नम थीं। उन्होंने बताया कि विवाह के आठ साल बाद भी उनकी गोद सूनी थी। डाक्टरों की दवाओं के साथ उन्होंने छठी मइया की शरण ली और संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी। अब उन्हीं की कृपा से उनका आंगन किलकारियों से गूंज रहा है और वह पूरे विधि-विधान से व्रत रखकर आभार जता रही हैं। इसी तरह दशाश्वमेध घाट पर दंडवत प्रणाम करते हुए पहुंचे संतोष कुमार ने अपनी आपबीती साझा की। बताया कि पिछले वर्ष एक गंभीर बीमारी के कारण उनके जीवन पर संकट आ गया था। परिजनों ने छठ मइया के दरबार में उनके स्वस्थ होने की गुहार लगाई थी। आज पूरी



तरह स्वस्थ होकर वह स्वयं घाट पर सूर्य देव को अर्घ्य दे रहे हैं। वहीं, पहली बार छठ का कठिन निर्जला व्रत रख रहीं अर्चना सिंह ने कहा कि मनौती पूरी होने पर भी यह व्रत आजीवन श्रद्धा के साथ किया जाता है। बताया कि बेटे की नौकरी लगने की कामना पूरी होने के बाद अब यह पर्व उनके परिवार की सबसे बड़ी आस्था बन चुका है।

88.56 लाख रुपये से चार पार्कों का होगा सुंदरीकरण

वाराणसी। प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के चार वार्डों में कुल 88 लाख 56 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित पार्कों के विकास एवं सुंदरीकरण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इन सभी कार्यों को वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा कराया जाएगा। मंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत वार्ड तरना के छतरीपुर स्थित रविदास मंदिर अम्बेडकर पार्क के विकास कार्य का 27.24 लाख रुपये की लागत से भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में वार्ड सरसौली के विश्वनाथपुरी कॉलोनी में 13.51 लाख रुपये की लागत से पार्क के विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। वहीं, वार्ड डिठोरी महल की भुवनेश्वर नगर कॉलोनी में 29.88 लाख रुपये की लागत से पार्क के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड पांडेयपुर स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी के पार्क के विकास एवं सुंदरीकरण कार्य का 17.93 लाख रुपये की लागत से भूमि पूजन किया गया। चारों परियोजनाओं पर कुल 88 लाख 56 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

डिजिटल जनगणना का आगाज

अभियान

✡ मेयर ने किया सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान शुरु

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना के तहत सोमवार को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सिगरा स्थित अपने आवास पर ऑनलाइन स्व-गणना कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि 16 से 30 नवंबर तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर घर बैठे अपने परिवार का विवरण दर्ज करें। जनगणना के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य से जुड़े 40 बिंदुओं पर जानकारी देनी होगी। महापौर ने कहा कि नागरिकों को स्व-गणना के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है। वे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना और परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की ओर से दी गई जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इसका उपयोग देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के निर्माण में किया जाएगा। अपर नगर आयुक्त बरखा सिंह ने बताया कि स्व-गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर और नाम के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। इसके बाद ओटीपी सत्यापन कर ऑनलाइन प्रश्नावली भरनी होगी। विवरण जमा होने के बाद 11 अंकों की विशिष्ट एसई-आईडी मिलेगी। इसे



सुरक्षित रखना जरूरी है। जब प्रगणक घर पहुंचेंगे तो उन्हें यह आईडी दिखानी होगी। इससे पहले दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन किया जा सकेगा। नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया 30 नवंबर को समाप्त होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे। इस दौरान परिवार के सदस्यों से जुड़े निर्धारित 40 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। प्रशासन ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं।

वाराणसी सहित पूर्वांचल में अगले तीन दिनों में गिर सकता है तापमान

वाराणसी। मौसम का मिजाज अब धीरे-धीरे बदलने लगा है। सोमवार की सुबह काशी धुंध की चादर में लिपटी रही। सुबह दृश्यता कम होने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी घटकर 600 मीटर रह गई। हालांकि, सूरज चढ़ने के साथ ही धुंध छंट गई और मौसम साफ हो गया। दिन में धूप खिलने से लोगों को राहत मिली, लेकिन मौसम विज्ञानियों ने आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के संकेत दिए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, वाराणसी एयरपोर्ट मौसम केंद्र पर अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों तापमान सामान्य से क्रमशः 0.3 और 1.6 डिग्री अधिक रहे। वहीं, बीएचयू मौसम केंद्र पर अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यहां भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 और 3.2 डिग्री अधिक रहा। शनिवार की तुलना में एयरपोर्ट केंद्र पर अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री बढ़ा, जबकि बीएचयू केंद्र पर 0.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। दोनों केंद्रों पर न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ।

कैंट स्टेशन के सेकेंड एंट्री पार्किंग की जिम्मेदारी किसकी?

रेल मंत्रालय के संज्ञान के बाद भी सुरक्षा नदारद, जिम्मेदारी लेने से रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी ने झाड़े हाथ

बदहाल व्यवस्था

✡ 13 और 14 नवंबर को प्रकाशित खबरों तथा एक्स पर रेल मंत्रालय के संज्ञान के बावजूद नहीं बदली स्थिति

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री स्थित कार एवं मोटरसाइकिल पार्किंग की बदहाल व्यवस्था को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित होने और रेल मंत्रालय के संज्ञान लेने के बावजूद धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ है। यात्रियों के वाहनों की सुरक्षा अब भी भगवान भरोसे है। हैरानी की बात यह है कि पार्किंग की जिम्मेदारी को लेकर रेलवे, जीआरपी, आरपीएफ और छावनी परिषद के अधिकारियों के अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं, लेकिन मौके पर सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने वाला कोई दिखाई नहीं दे रहा है। आपके अपने अखबार भारत एकता टाइम्स ने 13 और 14 नवंबर को इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दोनों दिन समाचार को एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट किए जाने के बाद रेल मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए संबंधित



अधिकारियों को सूचित करने की बात कही थी। इसके बावजूद 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक मौके पर की गई पड़ताल में पार्किंग स्थल पर कोई सुरक्षा कर्मी नजर नहीं आया। इतना ही नहीं, सेकेंड एंट्री के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा के लिए उपकरण लगाए गए हैं, लेकिन वहां भी कोई सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं मिला। **छावनी परिषद को रेलवे की ओर से नहीं मिला कोई पत्र**- पार्किंग की जिम्मेदारी छावनी परिषद के अधीन होने की बात सामने आने पर जब छावनी परिषद वाराणसी के मुख्य अधिशासी अधिकारी विशाल श्रावस्त से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है और न ही रेलवे की ओर से कोई पत्र प्राप्त हुआ है। इससे सवाल उठता है कि यदि रेलवे पार्किंग की जिम्मेदारी छावनी परिषद की बता रहा है तो क्या इस संबंध में दोनों विभागों के बीच कोई

अधिकारियों के बयानों में ही उलझी पार्किंग की जिम्मेदारी

इस संबंध में जब सीएमआई सुबोध विश्वकर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित धनराशि जमा नहीं किए जाने के कारण रेल प्रशासन ने पार्किंग का ठेका निरस्त कर दिया है। फिलहाल स्टैंड निःशुल्क है। सुरक्षा के संबंध में जीआरपी और आरपीएफ को सूचित कर दिया गया है। जीआरपी प्रभारी रजोल नागर ने बताया कि सेकेंड एंट्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी नदेसर पुलिस चौकी की है, जो कैंट थाने के अंतर्गत आती है। दूसरी ओर आरपीएफ प्रभारी संदीप यादव ने स्पष्ट किया कि सेकेंड एंट्री का संबंधित क्षेत्र उनके प्रभार में नहीं आता है। उनके अनुसार, सेकेंड एंट्री के बाहर की पूरी जमीन रक्षा संपदा की है। वहां कार और मोटरसाइकिल पार्किंग की व्यवस्था छावनी परिषद देखेगी। शेष जानकारी के लिए उन्होंने स्टेशन डायरेक्टर से बात करने की सलाह दी।

आधिकारिक पत्राचार या हस्तांतरण हुआ है? यदि नहीं, तो फिलहाल यात्रियों के वाहनों की सुरक्षा किसके जिम्मे है? स्टेशन डायरेक्टर और एडीआरएम से नहीं हो सकी बात-इस पूरे मामले में रेलवे का पक्ष जानने के लिए कैंट स्टेशन के स्टेशन डायरेक्टर से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन कट जाने के कारण बात नहीं हो सकी। वहीं, एडीआरएम लखनऊ मंडल से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। **रेल मंत्रालय के संज्ञान का भी नहीं दिखा असर**-सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब दो दिनों तक समाचार प्रकाशित होने के बाद रेल मंत्रालय ने स्वयं मामले का संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को सूचित करने की बात कही, तब भी पार्किंग स्थल पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था क्यों नहीं की गई?

